दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 115 जयपुर, शुक्रवार, 05 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### BSF ने फायरिंग कर मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन



**श्रीगंगानर।** जिले में पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल ने गुरुवार को अनाधिकृत रूप से मंडरा रहे एक संदिग्ध ड्रोन को मार गिराया और इसके माध्यम से भेजे गए मादक पदार्थों के दो पैकेट बरामद किए। यह घटना रायसिंहनगर इलाके में हुई। बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के एक प्रवक्ता ने बताया कि रायसिंहनगर क्षेत्र में पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी में तैनात जवानों को एक संदिग्ध ड्रोन दिखाई दिया। इसके बाद जवानों को वहां संदिग्ध नशीले पदार्थ से भरे 1.7 किलोग्राम वजन वाले दो पैकेट मिले, जिन्हें उसी ड्रोन ने गिराया था। इसके बाद आगे की कार्रवाई और तस्करी नेटवर्क की विस्तृत जांच के लिए संदिग्ध ड्रग्स से भरे उन दोनों पैकेट्स को जोधपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया गया।

### लापरवाही बरतने वाले तीन रेजिडेंट डॉक्टर निलंबित

**जयपुर।** शास्त्री नगर स्थित कांवटिया अस्पताल में गर्भवती का खुले में प्रसव होने के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर जांच कमेटी ने गुरुवार को तीन रेजिडेंट डॉक्टरों को निलंबित कर दिया है। साथ ही अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह तंवर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले के सामने आने के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जांच कमेटी बानई थी और मामले की पूरी जांच 24 घंटे में देने के निर्देश दिए थे।

पेज 3 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**भारत ने रक्षा के क्षेत्र में हासिल की एक और अहम कामयाबी**

# अग्नि-प्राइम न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश ने रक्षा के क्षेत्र में एक और अहम कामयाबी हासिल की है। सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के साथ मिलकर न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। यह टेस्ट ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। टेस्ट के दौरान नई पीढ़ी की मिसाइल ने अपने विश्वसनीय प्रदर्शन को बनाए रखते हुए सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा किया। इस टेस्ट को टर्मिनल प्वाइंट पर रखे गए दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात कई रेंज सेंसर के जरिये कैप्चर किए गए डेटा से पुष्टि की गई है। इस सफल लॉन्च को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड और डीआरडीओ के प्रमुख के साथ ही भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक साथ देखा।



### एक साथ कई टारगेट पर हमला

इस न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल पर एमआईआरवी वॉरहेड को लगाया जा सकता है। इसकी मारक क्षमता 1000-2000 किमी तक है। यह मिसाइल हाई इंटेसिटी वाले विस्फोटक, थर्मोबेरिक या न्यूक्लियर वेपन ले जाने में सक्षम हैं। मिसाइल पर 1500 से 3 हजार किलोग्राम के वॉरहेड लगाए जा सकते हैं। इस मिसाइल का वजन 11 हजार किलोग्राम है। ऐसे में यह एक साथ कई टारगेट पर निशाना साध सकती है। इस मिसाइल को जल्द ही भारतीय सेना में शामिल किया जाएगा। इस मिसाइल में सॉलिड फ्यूल का इस्तेमाल किया जाता है। अग्नि प्राइम टू स्टेज मिसाइल है। यह पिछले अग्नि के वर्जन से हल्की है। मालूम हो कि अग्नि 1 का परीक्षण साल 1989 में किया गया था। साल 2004 में जिस अग्नि मिसाइल को सेना में शामिल किया गया था उसकी मारक रेंज 700-900 किमी थी।

### पाकिस्तान में कहीं भी परमाणु तबाही मचाने की क्षमता

अग्नि प्राइम मिसाइल के अंदर एक ऐसी नई तकनीक लगाई गई है जो ज्यादा सटीकता से हमला करने में सक्षम है। यही नहीं इससे इसे एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराना भी आसान नहीं है। इस मिसाइल की रेंज 1000 से 2000 किमी तक है जो पूरे पाकिस्तान में कहीं भी परमाणु तबाही मचाने की क्षमता रखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस अग्नि पी मिसाइल को पृथ्वी, अग्नि 1 और अग्नि 2 परमाणु मिसाइलों से रिप्लेस करने के लिए बनाया गया था। हालांकि अब कहा जा रहा है कि यह किसी भी मिसाइल को रिप्लेस नहीं करने जा रही है। यह अग्नि मिसाइलों की श्रेणी में शामिल है जिसमें आधुनिक फीचर को शामिल किया गया है।

### दागने के बाद भी मिसाइल बदल सकती है रास्ता

इस अग्नि पी मिसाइल में उसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है जिसका लंबी दूरी तक मार करने वाली अग्नि 4 और अग्नि 5 मिसाइलों में इस्तेमाल किया गया है। इसमें लेटेस्ट नेवीगेशन सिस्टम लगा है। यह कनस्तर सिस्टम के जरिए दागी जा सकती है जिससे इसे कहीं भी आसानी से रेल और रोड के जरिए ले जाया जा सकता है। यह मिसाइल दो स्टेज वाली है और सॉलिड फ्यूल से चलती है। यह मिसाइल अगर जरूरत पड़े तो दागे जाने के बाद रास्ता भी बदल सकती है। इसी वजह से इसे मार गिराना आसान नहीं है।

**विजेंदर और वल्लभ का मोहभंग, निरुपम पर एक्शन...**

# कांग्रेस पार्टी ने 24 घंटे में गंवाए तीन बड़े चेहरे

## तेजतर्रार प्रवक्ता गौरव ने भी छोड़ा कांग्रेस का 'हाथ'

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं का एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने 24 घंटे के भीतर अपने तीन बड़े चेहरे गंवा दिए हैं। एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर जहां भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली, वहीं कुछ ही घंटे बाद कांग्रेस ने संजय निरुपम को पार्टी से निकाल दिया। इसके बाद कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी अचानक हाथ का साथ छोड़कर कमल का दामन थाम लिया। ये तीनों नेता हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान में बड़े चेहरे माने जाते हैं। चुनाव के बीच कांग्रेस को यह बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

ओलिंपिक्स पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह के बीजेपी में शामिल होने के बाद गुरुवार को कांग्रेस के तेजतर्रार प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने 'हाथ' का साथ छोड़ दिया। वल्लभ ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में पार्टी को 'दिशाहीन' बताया और अपने बाहर निकलने के लिए




जाति जनगणना जैसे कारणों का हवाला दिया। उन्होंने साफ कहा कि वो 'सनातन विरोधी' नारे नहीं लगा सकते हैं।' गौरव वल्लभ ने एक्स पर लिखा कि जब मैंने पार्टी जॉइन की थी तब की कांग्रेस और अब की कांग्रेस में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। आज कांग्रेस जिस दिशाहीन तरीके से आगे बढ़ रही है, उससे सहज महसूस नहीं करता। मैं न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और ना ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता हूं. इसलिए कांग्रेस पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। वल्लभ के साथ बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा भी दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए।




### खरगे को लिखी दो पन्नों की चिट्टी

गौरव वल्लभ ने 2 पन्नों की चिट्ठी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखी है। इसमें उन्होंने कहा, 'कांग्रेस जिस दिशाहीन तरीके से आगे बढ़ रही है, उससे मैं सहज महसूस नहीं करता। वल्लभ ने पिछले साल अशोक गहलोत और सचिन पायलट विवादों में भी खुलकर स्टैंड लिया था और अशोक के समर्थन में बयान दिए थे। 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव में उदयपुर सीट से मैदान में उतरे थे. हालांकि, बीजेपी उम्मीदवार ताराचंद्र जैन ने 32,000 से ज्यादा वोटों से हरा दिया था. गौरव वल्लभ ने 2019 में झारखंड के जमशेदपुर पूर्व से पहली बार चुनाव लड़ा था. उन्होंने 18,000 से ज्यादा वोट हासिल किए थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुबर दास और सरयू रॉय के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे।

# सोनिया गांधी, अश्विनी वैष्णव समेत 14 ने राज्यसभा सांसद के तौर पर ली शपथ



**एजेंसी | नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित 14 नेताओं को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। नवनियुक्त सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह नए संसद भवन में हुआ, जिसका संचालन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने किया। सोनिया गांधी ने पहली बार राजस्थान से राज्यसभा से संसद में पहुंची हैं। सोनिया गांधी 1999 से लेकर अब तक लोकसभा सदस्य रहीं थीं। उधर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली, जबकि भाजपा के मदन राठौड़ ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन और सैयद नसीर हुसैन, उत्तर प्रदेश से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा सदस्य समिक भट्टाचार्य उन 14 लोगों में शामिल थे, जिन्होंने राज्यसभा की शपथ ली।

# बसपा ने 25 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

**बेधड़क | जयपुर**

बहुजन समाज पार्टी राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर 2024 का आम चुनाव लड़ेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने बताया कि बसपा के सभी उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। बसपा ने गंगानगर से देवकरण नायक, बीकानेर से खेताराम, चूरू से दई राम, झुंझुनूं से बंशीधर नरनोलिया, सीकर से अमरचंद चौधरी, जयपुर ग्रामीण से हनुमान सहाय , जयपुर से राजेश तंवर, अलवर से फजल हुसैन, भरतपुर से अंजिला, करौली-धौलपुर से विक्रम सिंह, दौसा से सोनू धानका, सवाई माधोपुर से प्रहलाद सैनी, अजमेर से रामदेव गुर्जर, नागौर से गजेंद्र सिंह राठौड़, पाली से महेंद्र रेगर को उम्मीदवार बनाया है, जबकि जोधपुर से मंजू देवी को प्रत्याशी बनाया है। बाड़मेर से लीलाराम, जालौर-सिरोही से लाल सिंह राठौड़, उदयपुर से दलपतराम गरासिया, बांसवाड़ा से दिलीप कुमार मीणा, चित्तौड़गढ़ से राधेश्याम मेघवाल, राजसमंद से रामकिशन भादू, भीलवाड़ा से रामेश्वर बैरवा, कोटा बूंदी से धनराज यादव और झालावाड़-बारां से चंद्र सिंह किराड़ को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है।




# नेपाल से भारत में घुस रहे तीन आतंकी अरेस्ट



**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने महाराजगंज में 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकियों में 2 पाकिस्तान और एक भारत के जम्मू कश्मीर का निवासी है। बताया जा रहा है कि आईएसआई की मदद से हिजबुल मुजाहिदीन से एक आतंकी प्रशिक्षण ले चुका है। यूपी एटीएस ने बुधवार देर रात नेपाल से भारत में प्रवेश करते समय तीनों को गिरफ्तार किया है। आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद भारत नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

# पुष्कर में 55 हजार की घूस लेते AAO अरेस्ट



**बेधड़क | अजमेर**

भीलवाड़ा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने पुष्कर नगर पालिका में सहायक लेखा अधिकारी दीपक अग्रवाल को 55 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लेखा अधिकारी ने ठेकेदार के काम के बिलों के भुगतान की एवज में 80 हजार की रिश्वत मांगी थी। एसीबी में उप अधीक्षक पारस कुमार ने बताया कि नगर पालिका में सिविल ठेकेदार विष्णु गुप्ता ने ठेके में सौंदर्यीकरण समेत निर्माण कार्य किए थे। इन कामों के कई बिल भुगतान के लिए सहायक लेखा अधिकारी के पास लंबित पड़े थे। प्रत्येक बिल में सहायक लेखा अधिकारी दीपक अग्रवाल कमीशन मांग रहा था। बिलों का भुगतान नहीं होने से परेशान होकर ठेकेदार विष्णु गुप्ता ने एक अप्रैल को भीलवाड़ा एसीबी प्रथम में अपनी शिकायत दी थी।

**लॉरेंस गैंग बनी तीन राज्यों के लिए सिरदर्द**

# एजेंट दो लाख में तत्काल बना देते थे लॉरेंस गैंग के गैंगस्टरों के पासपोर्ट

- अब तत्काल में बिना किसी अफसर की अनुशंसा और पुलिस वेरिफिकेशन के जारी हो जाता है पासपोर्ट
- एजेंटों की मदद से बदमाश दूसरे नाम-पते के दस्तावेज बनाकर आसानी से जा रहे हैं विदेश

**बेधड़क | जयपुर**

गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के विदेश में बैठे गुर्गों ने राजस्थान समेत तीन राज्यों में दहशत पैदा कर पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए है। विदेश में बैठे गैंगस्टरों द्वारा व्यापारियों को फोन करके फिरौती मांगी जा रही है और फिरौती नहीं देने पर गैंग के गुर्गों से हत्या जैसे वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

हाल में पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उत्तराखंड नेपाल बॉर्डर से गैंग के शातिर बदमाशों का पासपोर्ट बनाने वाले को अरेस्ट किया है। आरोपी राहुल सरकार ने बदमाशों का पासपोर्ट बनाने के लिए दिल्ली में ऑफिस खोल रखा है।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राहुल सरकार दो लाख रुपए में बदमाशों के दूसरे नाम-पते के दस्तावेज बनाकर तत्काल में पासपोर्ट बना लेता था। पासपोर्ट बनाने की रफ्तार इतनी तेज होती है कि बदमाश खुद पासपोर्ट बनाने के लिए एजेंट राहुल के इशारे पर कागजों का सत्यापन कराने के लिए पासपोर्ट ऑफिस भी आते थे और सत्यापन के बाद अगले दिन ही जारी होने पर एजेंट खुद डाकघर पहुंचकर डाकिये से मिलीभगत कर पासपोर्ट खुद ले लेता था। इसके बाद बदमाशों को पुलिस वेरिफिकेशन होने से पहले पासपोर्ट उपलब्ध करा देता था। इससे बदमाश विदेश भागने में कामयाब हो जाते थे। ये गैंगस्टर दुबई, कनाड़ा व अन्य देशों में बैठकर हत्या, अपहरण और फिरौती की वारदातों को तो अंजाम दे ही रहे हैं। साथ में राजस्थान, हरियाणा व पंजाब में गैंग से युवाओं को जोड़ रहे हैं। जो इन गैंगस्टरों के इशारे पर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।



### इनके बनाए पासपोर्ट

आरोपी राहुल सरकार ने विदेश में बैठे पांच बदमाशों के पासपोर्ट बनाए है। इनमें लॉरेंस गैंग को विदेश में बैठकर ऑपरेट कर रहे रोहित गोदारा, लॉरेंस का भांजा सचिन थापन, अंकित जाखड़ और सुनील यादव का पासपोर्ट बनाया है। इन सभी से राहुल ने 2-2 लाख रुपए लिए थे।

### दिल्ली में तैयार करते हैं पासपोर्ट के लिए दस्तावेज

आरोपी राहुल सरकार ने लोगों के दस्तावेज बनाने की जिम्मेदारी अपनी साथी को दे रखी थी। उसने दिल्ली में ऑफिस में खोल रखा था। ऑफिस में पासपोर्ट बनाने वाले के दूसरे नाम-पते से वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज तैयार किए जाते हैं। पासपोर्ट पर फोटो संबंधित व्यक्ति की लगाते थे। ताकि पासपोर्ट ऑफिस में सत्यापन के दौरान कोई अड़चन नहीं आए। कागजों के सत्यापन के बाद आरोपी राहुल ऑनलाइन पासपोर्ट जारी होने की प्रक्रिया पर निगरानी रखता था। डाक ऑफिस में पहुंचने के बाद संबंधित बीट के डाकिये की जानकारी लेकर उनसे से संपर्क कर लेता था। इसके बाद डाकिये को 500 रुपए देकर ऑफिस से पासपोर्ट को अपने कब्जे में ले लेता था।

### इसलिए बन रहा है आसानी से पासपोर्ट

तत्काल में पासपोर्ट बनाने के लिए पहले किसी को केंद्र व राज्य सेवा से जुड़े अफसरों की एनओसी लेनी पड़ती है। अफसरों की अनुशंसा पर ही तत्काल में पासपोर्ट बनता था। इसके अलावा तत्काल में पासपोर्ट लेने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन भी पासपोर्ट जारी होने से पहले होता था, लेकिन इस प्रक्रिया को बंद कर दिया है। अब तत्काल में पासपोर्ट बनाने के लिए किसी की अनुशंसा की जरूरत नहीं होती है और पुलिस वेरिफिकेशन भी पासपोर्ट जारी होने के बाद होता है। ऐसे में बदमाशों के आसानी से पासपोर्ट बन गए।

## जरूरी खबर

### गृह क्लेश से तंग पूर्व विधायक ने की आत्महत्या



**बेधड़क.जयपुर।** भीलवाड़ा की मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रहे विवेक धाकड़ ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। धाकड़ ने सुबह अपने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या कर ली। विवेक ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के पिता इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ भी भीलवाड़ा में जिला प्रमुख रह चुके हैं। सुभाष नगर थाना अधिकारी इंस्पेक्टर शिवराज गुर्जर ने बताया कि प्रथम दृष्टि यह मामला गृह कलेश का ही लगता है।

### प्रथम चरण के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन आज

**बेधड़क.जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवीपीएटी का द्वितीय रेंडमाइजेशन 5 अप्रैल को किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण के चुनावों के लिए 13 अप्रैल को रेंडमाइजेशन होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीण गुप्ता ने बताया कि एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवीपीएटी का द्वितीय रेंडमाइजेशन चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में होगा। इस दौरान चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी उपस्थित रहेंगे। पहली बार इन्हें लोकसभा क्षेत्र आवंटित करने के लिए 19 और 20 मार्च को किया गया था। द्वितीय चरण के चुनावों के लिए 13 अप्रैल को रेंडमाइज किया जाना है।

### बीकानेर हाउस में 'राजस्थान उत्सव' का हुआ समापन



**बेधड़क.जयपुर।** नई दिल्ली में राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खान-पान की अमिट छाप छोड़कर नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव का आज गुरुवार को समापन हो गया। बीकानेर हाउस में रूडा, राजस्थान पर्यटन विभाग और बीएचएमएस की ओर से आयोजित राजस्थानी हॉट बाजार और राजस्थान उत्सव के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाते अलग-अलग कार्यक्रमों ने देशी-विदेशी आगंतुकों को अपनी ओर खूब आकर्षित किया। उत्सव में गणगौर की सवारी के साथ- साथ सांस्कृतिक संध्याओं में राजस्थानी कला-संस्कृति से दर्शन रूबरू हुए। राजस्थानी परिधानों में सजी महिलाओं ने मंगल कलश लेकर गणगौर की सवारी निकाली।

**भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी और राखी राठौड़ ने पूर्व सीएम पर बोला जुबानी हमला**

# गहलोत ने रिश्तेदारों को कौड़ियों में दिलाई करोड़ों की जमीन

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे पर आरोप लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। गुरुवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर जमकर कटाक्ष किए।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि गहलोत सरकार के 2008-13 के कालखंड में विभिन्न घोटाले हुए थे। भाजपा लगातार उस कालखंड में गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाती रही थी। जिस प्रकार वर्ष 2012 में तत्कालीन सीएम गहलोत



ने चौहान बंधुओं को लाईम स्टोन की खाने अवैधानिक ढंग से आवंटित कर एक हजार करोड़ का घोटाला किया था। उसी तरह इस बार भी उन्होने अपने रिश्तेदारों को बिना नीलामी के कीमती जमीन सस्ती दरों पर दिलाकर उपकृत किया है। जोधपुर विकास प्राधिकरण ने गहलोत के दबाव में 15 करोड़ की जमीन महज 3.67 लाख में उनके रिस्तेदारों को दे दी। इस नियम विरूद्ध बेचान के खिलाफ नगरीय विकास विभाग में जांच विचाराधीन है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय रीट से लेकर एसआई भर्ती परीक्षा सहित कुल 19 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। प्रदेश की भजनलाल सरकार लगातार पेपर माफियाओं पर कार्रवाई कर रही है।

### कांग्रेस में नारी शक्ति का अपमान

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस नेताओं की नारी शक्ति के प्रति किस प्रकार की मानसिकता है, वह लगातार उनके बयानों से नजर आती है। पहले राहुल गांधी ने शक्ति का अपमान किया और अब रणदीप सुरजेवाला ने महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। इससे पहले कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र ने भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी कंगना राणौत के खिलाफ बेहद घटिया बयान दिया था।

### चुनाव आयोग खारिज करे राहुल का नामांकन

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य और बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व डिप्टी चेयरमैन एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने राहुल गांधी की ओर से केरल की वायनाड लोकसभा क्षेत्र से भरे गए नामांकन फॉर्म में चुनाव आयोग से तथ्य छिपाने और अधूरी जानकारी देने का आरोप लगाया है। एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने नामांकन फॉर्म 26 के शपथ-पत्र में पैरा संख्या-02 में अनुलग्नक-ए होना लिखा है, जबकि ये अनुलग्नक-ए फॉर्म के साथ नहीं लगाया गया। इसके अलावा नामांकन फॉर्म में अनुलग्नक- बी में आपराधिक रिकॉर्ड के पैरा संख्या 05 में यह लिखकर बताया कि यह जानकारी एक अलग शीट के रूप में अनुलग्नक-बी में दी गई है। परंतु जब अनुलग्नक-बी की जांच की गई तो इसमें ना ही दिनांक लिखी गई है, ना ही हस्ताक्षर करने वाले का नाम अंकित है, और ना ही इस शीट में लिखे हुए तथ्यों का सत्यापन किया गया है। एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि नामांकन फॉर्म में अनुलग्नक-बी पांच पेज में है, जबकि मूल शपथ-पत्र के पैरा 05 में इन पृष्ठों की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं किया गया।

**लोकसभा चुनाव: उदयलाल आंजना ने चित्तौड़गढ़ से भरा नामंकन**

# BJP ने संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की ठानी: खरगे

**बेधड़क | जयपुर**

■ कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर साधा निशाना

चित्तौड़गढ़ के सांसद प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने गुरुवार को नामंकन दाखिल किया। पर्चा भरने के दौरान कांग्रेस के कई दिग्गज उनके साथ मौजूद रहे। इसके साथ ही एक जनसभा का आयोजन भी किया गया, जसमें कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर वार किए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुरुवार को पहली बार चित्तौड़गढ़ पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर जुबानी हमले किए। खरगे ने कहा कि भाजपा की वाशिंग मशीन में सारे भ्रष्टाचारी धुल रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश की भाजपा सरकार ने संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की ठान ली है और अब इस चुनाव में भाजपा को हरा कर ही लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। अपने उद्बोधन के प्रारंभ में ही चित्तौड़गढ़ पहली बार आए राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने चित्तौड़गढ़ की धरती को शक्ति, भक्ति और वीरता की धरती बताते हुए कहा कि यहा पर स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले लोग है। उन्होंने आजादी के आंदोलन को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास एक लम्बी फेहरिस्त है जिन्होंने आजादी के लिए बलिदान दिए है लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोग एक नाम बताकर बता दे। खरगे ने नेहरू और बाबा साहेब अम्बेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एक संविधान दिया और उसी लोकतंत्र की वजह से आज मोदी प्रधानमंत्री के पद पर बैठे है लेकिन वे ही लोकतंत्र की जड़े काटना चाहते है।



### मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल रहे मोदीः पायलट

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि दस साल की मोदी सरकार में हर वर्ग शोषित हुआ है। देश की जनता ने उन्हें 300 पार पहुंचाया तो उन्होंने तीन काले कानून लाकर दिए। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदमों से देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया और निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। यह चुनाव आम लोगों और किसानों का चुनाव है। वहीं कहा कि हवा बदल चुकी है और इस बार 400 पार के आंकड़े सपने में ही रह जायेंगे। इस दौरान उन्होंने उदयलाल आंजना को चिर युवा बताते हुए चुटकी ली कि आखिर वे किस चक्की का आटा खाते है।

### भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी पर बरसे आंजना

इससे पूर्व चित्तौड़गढ़ के सांसद प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने भी जनसमूह को संबोधित किया और कहा कि 1998 में उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा था वैसा ही आज माहौल देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीद के झांसे दिए जा रहे है और महज कुछ ही उपज की खरीद की जा रही है, लेकिन सरकार की आंखें बंद है। उन पर लगाये गये आरोपों पर जवाब देते हुए आंजना ने कहा कि मुझ पर डोडाचूरा बेचने के आरोप लगाये।वह तो मैनें व्यापार किया था लेकिन सांसद सीपी जोशी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में अफीम किसानों से जो विभागीय लूट मचाई जा रही है उसमें उनकी कितनी हिस्सेदारी है।

### कई कांग्रेसी नेता रहे मौजूद

उदयलाल आंजना की नामांकन रैली के दौरान चित्तौड़गढ़, उदयपुर और प्रतापगढ़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष, विधायक पुष्कर डांगी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, राजेन्द्र सिंह बिधूड़ी, रामलाल मीणा, प्रीति शक्तावत, शंकर बैरवा, डेयरी चेयरमेन बद्रीलाल जाट, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, भगवती देवी झाला सहित विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस पदाधिकारी, विभिन्न संगठनों की पदाधिकारी मौजूद थे। समारोह का संचालन पुरूषोत्तम झंवर, रविप्रकाश सोनी ने किया।

**सीएम ने किया जनसभा को संबोधित**

# वागड़ के 70 साल से रुके विकास को अब पूरा करके दिखाएंगे



**बेधड़क | जयपुर/ बांसवाड़ा**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया के समर्थन में रैली की। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले सुबह बीजेपी के प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने नामांकन दाखिल किया।

जनसभा में सीएम शर्मा ने कहा कि बांसवाड़ा, डूंगरपुर दोनों जिलों को मिलाकर वागड़ अंचल बनता है। इसका विकास अभी तक अधूरा रहा है। 70 साल से अधूरे इस विकास को पूरा करने का जिम्मा हमने उठाया है। बांसवाड़ा को धार्मिक पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। आपके क्षेत्र में नेशनल हाईवे लगातार बन रहे हैं। रेल परियोजना आपकी सबसे बड़ी मांग थी, उसे भी भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक मेरे पास कोई विधायक नहीं आया, जिसने यह कहा हो कि मैं वागड़ अंचल से आया हूं, भले ही मेरी पार्टी दूसरी है, आप मेरे क्षेत्र का विकास करिए। सीएम ने कहा जो लोग विकास की मांग नहीं सकते वह विकास कर भी नहीं सकते। सीएम ने कहा कि जब महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस में थे, तब वह पत्र लिखते-लिखते थक जाते थे। कोई सुनवाई नहीं होती थी, लेकिन यह डबल इंजन की भाजपा सरकार है, यह जो भी योजना लेकर आएगी, उसे पूरा किया जाएगा।

सभा में वर्तमान सांसद कनकमल कटारा, जिला अध्यक्ष लाभचंद पटेल, विधायक कैलाश मीणा, पूर्व मंत्री भवानी जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह राव के समेत कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**मंजू शर्मा ने बगरू विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क**

# जयपुर का विकास ही प्राथमिकता

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज बगरू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और इलाकों को दौरा कर सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने जयपुर की बेटी के स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए वहीं उनका गली, मौहल्ले और कॉलोनियों में भव्य स्वागत किया गया।

मंजू शर्मा के स्वागत कार्यक्रम में महिलाएं भी पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेती नजर आई। वहीं जनसभाओं में लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। जनसंपर्क के दौरान विभिन्न



जनसभाओं व स्वागत कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास ने जो गति पकड़ी है उसे अब बरकरार रखने के लिए भाजपा और पीएम मोदी को मजबूत करना आवश्यक है। इस दौरान बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में नेताओं ने केवल अपना पेट भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है। हमने हमेशा जोड़ने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत की तस्वीर बदल जाएगी।

**त्रिकोणीय हुआ मुकाबला, बीएपी बढ़ाएगी भाजपा की मुश्किलें**

# बांसवाड़ा से कांग्रेस ने उतारा डमी प्रत्याशी

**बेधड़क | बांसवाड़ा**

बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस ने नामांकन के आखिरी समय में कांग्रेस नेता अरविंद डामोर को प्रत्याशी बना दिया।

डामोर ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर भाजपा की ओर से महेंद्रजीत सिंह मालवीया, कांग्रेस से अरविंद डामोर और बीएपी से राजकुमार रोत प्रत्याशी हैं। ऐसे में बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर अब त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। कांग्रेस की ओर से पहले बांसवाडा विधायक अर्जुन सिंह बामनिया



का नाम आया। हालांकि अंत में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रहे अरविंद डामोर ने कांग्रेस के सिंबल पर नामांकन दाखिल कर दिया है। अरविंद की माता स्व. सीता डामोर पार्षद थीं और अब बड़ी बहन पार्षद हैं। अरविंद ने अभी तक कोई चुनाव नहीं लड़ा है। दूसरी तरफ बागीदौरा विधानसभा की बात करें, तो वहां पर भी डमी के रूप में एक वकील कपूर चंद को मैदान में उतारा है।

यहां पर भी पूरी कांग्रेस ने मिलकर एक रणनीति बनाई है। इसी के तहत दोनों डमी प्रत्याशी खड़े किए गए हैं। उधर जानकारों का कहना है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर दोनों जिलों में मिलाकर करीब 1 लाख मुस्लिम और तीन लाख ईसाई वोटर हैं, जो कि कांग्रेस का परंपरागत वोट हैं। यह पूरा वोट भारत आदिवासी पार्टी को मिल जाए, तो निश्चित रूप से वह बीजेपी के बराबर में खड़ी नजर आएगी।

**प्रदेश में आज से शुरू होगी होम वोटिंग, 16 अप्रैल तक चलेगा सिलसिला**

# पहले चरण में 12 सीटों पर जयपुर के 36 हजार वोटर्स घर से डालेंगे वोट

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए होम वोटिंग की प्रक्रिया शुक्रवार शुरू हो रही है। जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण समेत पहले चरण की 12 सीटों पर इस बार 36 हजार से ज्यादा वोटर्स घर बैठे वोट देंगे।

इन मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग को 12-डी आवेदन पत्र देकर होम वोटिंग करने का विकल्प चुना था। राज्य निर्वाचन आयोग से जारी शेड्यूल के मुताबिक 12 सीटों पर मतदान दल शुक्रवार से वोटिंग के लिए घर-घर जाएंगे। ये प्रक्रिया दो




चरणों में 16 अप्रैल तक चलेगी। अगर पहले राउंड में वोटर नहीं मिलता है तो टीम दोबारा वोटर्स के घर पर जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के मतदान वाले लोकसभा सीटों पर कुल 36,558 वोटर्स ने ने होम वोटिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। इनमें 27,536 वरिष्ठ नागरिक और 9,322 दिव्यांग मतदाता हैं। सर्वाधिक 4,957 पंजीकरण सीकर सीट पर हुए हैं। जयपुर उप जिला निवार्चन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र और जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 7 हजार 603 मतदाता घर से मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि वोटिंग के लिए सुबह 7 बजे से 195 मतदान दल घर-घर रवाना किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 और 16 अप्रैल वापस टीमें भेजी जाएगी, ताकि जो मतदाता वोटिंग से वंचित रह गया हो उसे दोबारा मौका मिल सके।

### 3 हजार 632 मतदाता करेंगे होम वोटिंग

उन्होंने बताया कि जयपुर शहर सीट पर 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 134 मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 498 मतदाताओं सहित कुल 3 हजार 632 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है। जबकि जयपुर ग्रामीण में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 130 मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 841 मतदाताओं ने विकल्प चुना है।

### चुनाव कार्य में नियुक्त कर्मचारी भी आज से करेंगे मतदान

लोकसभा आम चुनाव की ड्यूटी में नियोजित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए विभिन्न स्थानों पर सुविधा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर शुक्रवार से 10 अप्रैल तक विभिन्न दिवसों पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। 5 एवं 6 अप्रैल को आरएसी के अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए एवं अन्य दिवसों पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा मिलेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा डाक मतपत्र से मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुविधा केन्द्रों में 36 मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं। नेहरू नगर पानीपेच स्थित पुलिस अकादमी में 2, चांदपोल स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में 11, लालकोठी स्थित पुलिस मुख्यालय में 4, एमआई रोड स्थित होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में 3, यातायात पुलिस यादगार में 2, घाटगेट स्थित पुलिस दूरसंचार में 2, जलमहल स्थित रिजर्व पुलिस लाइन ग्रामीण में 2, शासन सचिवालय में एक, बनीपार्क स्थित राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में 4, घाटगेट स्थित 5वीं आरएसी बटालियन में 3 एवं चैनपुरा स्थित 14वीं आरएसी बटालियन में 2 मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन सुविधा केन्द्रों पर मात्र 8 अप्रैल को ही सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। आवश्यकता होने पर आगामी दिवस में एक दिवस में सुविधा केन्द्र का विस्तार करते हुए अंतिम रूप से मतदान कराया जा सकता है।

## जरूरी खबर

### सड़क से कचरा डिपो हटाया, गार्ड किया तैनात



**जयपुर।** ग्रेटर निगम आयुक्त रुक्मणि रियाड़ के निर्देश के बाद राजधानी की सड़कों से ओपन कचरा डिपो हटने शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को ग्रेटर निगम के वार्ड नं 89, मानसरोवर पुलिया के पास सड़क पर बना ओपन कचरा डिपो हटा दिया गया। साथ ही आस पास के लोगों को कचरा सड़क नहीं फेंकने के लिए समझाया। साथ ही भविष्य में सड़क पर दुबारा कचरा डिपो नहीं बने, इसके लिए निगम की ओर से गार्ड भी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि शहर को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। लोगों से समझाइश की जा रही है सड़क पर कचरा नहीं फेंकें। हूपर में ही कचरा डालें। आने वाले दिनों में अन्य वार्डों से भी कचरा डिपो हटाए जाएंगे।

### आखिरी जुमा आज, अतिरिक्त सफाई की मांग



**जयपुर।** रमजान का आखरी जुमा शुक्रवार को है। ऐसे में जमातुल विदा की नमाज के मौके पर ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल राजस्थान ने शुक्रवार को मुस्लिम क्षेत्रों में अतिरिक्त सफाई व सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। इस संबंध में ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल की ओर से मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा गया है। पाक रमजान के आखिरी अशरे में शबे कद्र और अलविदा के मद्देनजर मुस्लिम इलाके पूरी रात रोशन हो रहे हैं। अलविदा पर मस्जिदों समेत अन्य इबादतगाहों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ेगी। वहीं, बड़ी चौपड़ पर जमातुल विदा की नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान परकोटे में यातायात की विशेष प्रबंध किए गए हैं।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में सात सूत्री मांगों को लेकर की नारेबाजी

# एकेडमिक काउंसिल की बैठक में NSUI कार्यकर्ताओं का हंगामा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी में गुरुवार को आयोजित हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। छात्र नेता महेश चौधरी के नेतृत्व में सात सूत्री मांगों को लेकर बड़ी संख्या में छात्र मीटिंग हॉल में चल रही बैठक में घुस गए। वहां पर सब अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर कर मामला शांत करवाया। इस दौरान छात्रों के बढ़ते विरोध के चलते कुछ देर के लिए मीटिंग को भी रोकना पड़ा।



### सरकार बदलने के बाद आरयू में हालात बदतर

छात्र नेता महेश चौधरी ने कहा कि प्रदेश में सरकार बदले तीन ताह से अधिक का समय हो चुका है। इसके बाद से ही राजस्थान यूनिवर्सिटी के हालात बद से बदतर स्थिति में पहुंच गए हैं। छात्रों को अपने मूलभूत काम के लिए परेशान होना पड़ता है। यूनिवर्सिटी में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है। इसको लेकर हमने अपनी सात सूत्री मांगों को कुलपति तक पहुंचाया है। इसके समाधान के लिए उन्होंने तीन दिन का वक्त मांगा है। ऐसे में अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा अगले तीन दिन में हमारी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन जिम्मेदार होगी।

### मांगपत्र में ये डिमांड्स रखी सामने

- यूनिवर्सिटी में माइग्रेशन जमा करने और फॉर्म सबमिट करने की एवज में वसूली बंद हों।
- दूरसंचार और पत्रकारिता विभाग में थर्ड सेमेस्टर के रिजल्ट को फिर से जारी किया जाए।
- राजस्थान यूनिवर्सिटी की सेंट्रल कैंटीन को फिर से शुरू किया जाए।
- PAT 2021-22 में राज्य सरकार के आरक्षण नियमों की पालना करें।
- PAT 2021-22 में वार्ड कोटे के आधार पर अतिरिक्त सीट सृजित कर प्रवेश दिया जाए।
- PAT की इंटरव्यू प्रक्रिया में आरक्षित वर्गों के शिक्षाविदों को प्रतिनिधि के रूप में अनिवार्य रूप से शामिल करें।
- PAT के इंटरव्यू में तीन गुना स्टूडेंट्स को शामिल किया जाए। इसके साथ ही इंटरव्यू में दिए जाने वाले नंबर्स में से एकेडमिक न्यूनतम नंबर्स को भी निर्धारित किया जाए।

कांवटिया अस्पताल के गेट पर महिला का प्रसव मामले में कार्रवाई

# लापरवाही बरतने वाले तीन रेजिडेंट डॉक्टर निलंबित

**जांच कमेटी ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र सिंह को दिया कारण बताओ नोटिस**

**बेधड़क** | जयपुर

शास्त्री नगर स्थित कांवटिया अस्पताल में गर्भवती महिला का खुले में प्रसव होने के मामले में प्रथमदृष्टया दोषी पाए जाने पर जांच कमेटी ने गुरुवार को तीन रेजिडेंट चिकित्सकों को निलम्बित कर दिया है। साथ ही अस्पताल अधीक्षक डा. राजेन्द्र सिंह तंवर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस मामले के सामने आने के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जांच कमेटी बानई थी और मामले की पूरी जांच 24 घंटे में देने के निर्देश दिए थे।

**जांच कमेटी ने दो बार किया अस्पताल का निरीक्षण:** मामले की जांच के लिए बनाई कमेटी ने बुधवार रात को ही कांवटिया अस्पताल का निरीक्षण किया था और जच्चा-बच्चा की कुशलक्षेम पूछी और परिजनों से मामले की पूरी जानकारी ली थी।

इसके बाद जांच कमेटी ने गुरुवार को भी दुबारा अस्पताल जाकर ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सकों की जानकारी ली और अस्पताल अधीक्षक से मामले के बारे में बात की थी। ऐसे में कमेटी ने प्रथम दृष्टया बुधवार रात को अस्पताल में तैनात रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. कुसुम सैनी, डॉ. नेहा राजावत और डॉ. मनोज को दोषी मानते हुए निलम्बन की सिफारिश की थी। इस पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तीनों को निलम्बित कर दिया और अस्पताल अधीक्षक को राजेन्द्र सिंह तंवर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।



### अस्पताल के गेट पर प्रसव दुर्भाग्यपूर्ण

एसीएस सिंह ने कहा कि कांवटिया अस्पताल में बुधवार को एक महिला के अस्पताल का गेट पर ही प्रसव होना दुर्भाग्यपूर्ण है। मानवीयता से जुड़े चिकित्सीय पेशे से ऐसे असंवेदनशील व्यवहार की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। उन्होंने बताया कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी के चलते चिकित्सकों ने गर्भवती महिला को जनाना में रैफर होने की सलाह दी, लेकिन स्पष्ट रूप से रेफर नहीं होने के कारण भ्रामक स्थिति पैदा हुई और महिला अस्पताल से बाहर आ गई और खुले में प्रसव हो गया। इसमें जच्चा और बच्चा की जान पर भी बन सकती थी। इस पेशे से जुड़े चिकित्सक, पैरामेडिकल और अन्य कार्मिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए।

### गोपाल शर्मा पहुंचे अस्पताल, जच्चा-बच्चा की कुशलक्षेम पूछी

इस मामले को लेकर गुरुवार सुबह विधायक गोपाल शर्मा ने जच्चा और बच्चा की कुशलक्षेम पूछी और चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास भी कांवटिया का दौरा करने वाले थे। इसकी सूचना मिलने पर कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता हॉस्पिटल के बाहर पहुंच गए। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर देरी से आने और राजनीति करने का आरोप लगाया। इस पर दो कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की हो गई। विवाद की जानकारी मिलने पर खाचरियावास ने दौरा निरस्त कर दिया।

### परिजनों का आरोप एंबुलेंस तक उपलब्ध नहीं कराई

अशोक वर्मा पत्नी नीलम को प्रसव पीड़ा (लेबर पेन) होने पर बुधवार शाम करीब 6 बजे कांवटिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे जनाना हॉस्पिटल रेफर कर दिया। उसे प्रसव पीड़ा होने पर कांवटिया हॉस्पिटल में ही भर्ती करने की गुजारिश की। डॉक्टरों और स्टाफ ने इससे साफ इनकार कर दिया। इस दौरान परिवार वालों और हॉस्पिटल स्टाफ में बहस भी हो गई। आरोप है कि इसके बाद स्टाफ ने उन्हें वहां से चले जाने को कह दिया। इस दौरान हॉस्पिटल प्रशासन ने न तो एंबुलेंस उपलब्ध करवाई और न ही किसी अन्य तरह की सहायता दी। हॉस्पिटल से बाहर निकले तभी उसको तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। परिवार की महिलाओं ने उसे कांवटिया हॉस्पिटल के बाहर चबूतरे पर लेटा दिया। यहीं पर नीलम ने बच्ची को जन्म दिया। इस पूरी घटना के बाद परिजनों ने हंगामा किया।

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई

# बाइस बीघा भूमि पर बनी 5 अवैध कॉलोनियां तोड़ी



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 22 बीघा कृषि भूमि पर बन रही पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया है। साथ ही जोन सात में क्वींस रोड पर प्रस्तावित 30 फीट पर होटल कंट्री इन में रोड पर किए गए अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया है।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के सरना डूंगर पुलिस चौकी के पास करीब पांच बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना भू रूपान्तरण कराए अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस पर जोन-12 के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया। वहीं, जोन 12 के ही खोरा दौलतपुरा रोड पर करीब चार बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर बिना जेडीए की अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनी को भी प्रवर्तन शाखा के दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। इसी प्रकार खोरा दौलतपुरा रोड नांगल सिरसी गांव में करीब चार बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बन रही अवैध कॉलोनी को भी दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया है।

वहीं, जेडीए ने जोन सात में क्वींस रोड पर प्रस्तावित 30 फीट रोड पर होटल कंट्री इन के अवैध रूप से बनाए गए दो कमरों सहित अन्य अवैध निर्माण को भी प्रवर्तन दस्ते की जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

मानसरोवर थाना पुलिस की कार्रवाई

# 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर थाना पुलिस और साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश दिलखुश मीणा उर्फ लक्की मोरपा उर्फ डिल्लू को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) जयपुर, दिगंत आनंद ने बताया कि कान्स्टेबल महेश कुमार से सूचना प्राप्त हुई कि 20 हजार रुपए का इनामी बदमाश दिलखुश मीणा उर्फ लक्की मोरपा निजी वाहन से दिल्ली की तरफ जा रहा है।



सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मानसरोवर थानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा के नेतृत्व में इनामी बदमाश को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए मनोहरपुरा टोल टैक्स पर इनामी बदमाश दिलखुश मीणा उर्फ लक्की मोरपा को धर दबोचा। बदमाश दिलखुश मीणा पुत्र केशुराम मीणा(24) निवासी गांव मोरपा थाना बाटोदा जिला गंगापुर सिटी का रहने वाला है।

हेरिटेज निगम आयुक्त ने की साफ-सफाई

# श्रमदान कर निकाला 150 किलो कचरा

**बेधड़क** | जयपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत जयपुर शहर को स्वच्छता की पहली श्रेणी में लाने के उद्देश्य से हेरिटेज निगम ने गुरुवार को जलमहल की पाल पर सफाई श्रमदान अभियान चलाया। इस दौरान निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने भी श्रमदान कर 150 किलो कचरा जलमहल की पाल से बाहर निकाला। साथ ही स्वयंयेवी संस्था और स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी अपना योगदान दिया।



सुराणा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के तहत आईईसी एक्टीविटी के कम्पोनेंट के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जल स्त्रोतों के महत्व व जल संरक्षण में जन भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने श्रमदान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त रौनक बैरागी, उपायुक्त करतार सिंह, संयुक्त निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल, जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा, राजस्व अधिकारी पार्वती सोनी, अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार, एनजीओ, सीफार और पीआईयूई संस्थाओं सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे। आयुक्त ने बताया कि पांच अप्रैल को श्रमदान का कार्यक्रम तालकटोरा पर किया जाएगा।

भक्ति संगीत समारोह

# श्री प्रेमभाया सरकार के नगर संकीर्तन में सजाई नयनाभिराम झांकी

**बेधड़क** | जयपुर

श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से आयोजित किए जा रहे 84वां श्री प्रेमभाया महोत्सव में त्रि-दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के तीसरे दिन दिन महिला मंडलों ने समां बांधा। बुधवार शाम नगर संकीर्तन शुरू हुआ। संकीर्तन में श्री प्रेमभाया सरकार का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। नगर संकीर्तन का शुभारंभ दीपक शर्मा ने भजो राधे गोविंद भजो राधे की टेर के साथ किया। लोकेश सैनी ने कद आवोला कन्हैया म्हारे द्वार मैं ठाडी न्हांलू बाटड़ली, अभिषेक साहू ने तरस हरयो, दरश दिखाओ गोपीनाथ, कृपा निधान दान मुक्ति को दे, बैकुंठ पड़ावो गोपीनाथ, बनवारी सैनी ने पाछां से मटकी फोड़ी छाने से गागर तोड़ी या काहे कि होरी कानूड़ा, राघव खण्डेलवाल ने ओ रे नंदबाबा ने खिज्यो रे बैठ कदम की डार कान्हो चीर चुरावै रे के साथ हरि मोहन गोयल, प्रभु चौधरी, चेतन गहलोत व अन्य भक्तों ने भक्त युगलजी की रचनाओं से भक्ति रस बरसाया।





### नगर संकीर्तन में उतारी आरती

नगर संकीर्तन में घर-घर श्री प्रेमभाया सरकार की आरती उतारी गई पुष्प वर्षा की गई। नगर संकीर्तन युगल कुटीर जयलाल मुंशी के रास्ते से शुरू होकर जाट के कुएं का रास्ता, गोपीनाथ जी का मंदिर, बारह भाइयों का चौराहा, नाहरगढ़ रोड, चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, गोपाल जी का रास्ता, लाल जी सांड का रास्ता, अजायबघर का रास्ता, खूंटेटों का रास्ता, खेजड़ों का रास्ता से खजाने वालों के रास्ते होते हुए नगर संकीर्तन के साथ श्री प्रेमभाया सरकार का 84वां भक्ति संगीत समारोह संपन्न हुआ।

## जरूरी खबर

### होनहार विद्यार्थियों को मेडल देकर किया सम्मानित



**चाकसू।** निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संस्था प्रबंधक भवानी सिंह चौहान ने बताया कि उद्योगपति एवं समाजसेवी सुरज्ञान सिंह बडोदिया के आतिथ्य में परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सुनैना कंवर राजावत ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए सेल्फी पॉइंट्स भी बनाया गया।

### स्कूल बस ने 8 साल के मासूम को कुचला, मौत

**अजमेर।** जिले के बड़लिया गांव में आठ साल के मासूम को प्राइवेट स्कूल की बस ने कुचल दिया। बस उसे स्कूल से लेकर आई और जब वह उतर कर सड़क पार कर रहा था, तभी बस की चपेट में आ गया। उधर ग्रामीणों ने बस चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना शहर के आदर्श नगर थाना क्षेत्र की है। बड़लिया निवासी राजेश सिंह ने बताया कि उनके छोटे भाई सुमेर सिंह का 8 साल का बेटा भानुप्रताप गुरुकुल स्कूल में पढ़ता है। उसे रोजाना बस लाती है और ले जाती है। दोपहर करीब ढाई बजे बस ने उसे घर के सामने उतारा था। बाद में वह घर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान ड्राइवर ने बस को आगे बढ़ा दिया।

### शराब पीकर स्कूल में पढ़ाने पहुंचा सरकारी टीचर



**झुंझुनूं।** जिले के सरकारी टीचर द्वारा शराब के नशे में बच्चों को स्कूल में पढ़ाने का मामला सामने आया है। इस दौरान टीचर ने काफी देर तक हंगामा किया। उसके बाद बच्चों के परिजनों ने स्कूल पहुंचकर टीचर को क्लास में बंद कर दिया। मामला गुढ़ागौड़जी के पंजी का बास के सरकारी स्कूल का है। अध्यापक का शराब के नशे में सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें टीचर के पास शराब की बोतल व फल भी दिखाई दे रहे हैं। बच्चों के परिजनों का आरोप है कि टीचर रोहिताश कुमार ने शराब के नशे में बच्चों को पढ़ाया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है।

---

## जीण माता के मेले में शुरू हो सकता है आठ करोड़ की लागत से बना रोप-वे, अभी चढ़नी पड़ती है 121 सीढ़ियां

# महज चार मिनट में पहुंच सकेंगे काजल शिखर मंदिर पर

**बेधड़क** | सीकर



जिले में स्थित शक्ति पीठ जीण माता धाम का वार्षिक लक्खी मेला 9 अप्रैल से शुरू होगा जो 17 अप्रैल तक चलेगा। मंदिर कमेटी और स्थानीय प्रशासन की ओर से मेले की तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 1000 पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे।

वहीं इस बार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को रोप-वे की सौगात मिल सकती है। बताया जा रहा है कि मेले में इस बार मेले में रोप-वे को शुरू किया जा सकता है। इसका निर्माण आठ करोड़ की लागत से किया गया है। अगर रोप-वे शुरू हो जाता है तो जीण माता के दर्शन के बाद काजल शिखर पर जाने वाले श्रद्धालुओं को अब लम्बी चढ़ाई नहीं चढ़नी पड़ेगी। श्रद्धालु रोप-वे के माध्यम से मात्र 4 मिनट में काजल शिखर पर पहुंच सकेंगे। उधर मेले को लेकर मंदिर कमेटी व प्रशासन की ओर से संबंधित अधिकारी व एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार मेले के दौरान इस बार डीजे व पॉलिथीन पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही शराब व पशु बलि पर स्थाई रूप से जारी प्रतिबंधों की सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए भी एक टीम का गठन किया गया है। चिकित्सा विभाग की ओर से भी 9 अप्रैल से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्रि मेले में पांच जगह पर चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। इसमें सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहेंगी।

### ट्रायल सफल रहने पर शुरू होगा रोप-वे

जीण माता मंदिर से श्रद्धालुओं को इस बार काजल शिखर मंदिर के दर्शन के लिए रोप-वे की सुविधा मिलेगी। जीण माता मंदिर से काजल शिखर मंदिर तक बनाए गए 280 मीटर रोप-वे का ट्रायल चल रहा है। प्रोजेक्ट पर करीब 8 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। ट्रायल सफल रहा, तो मेले के दौरान रोप-वे शुरू किया जाएगा। अभी श्रद्धालुओं को 121 सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ी पर स्थित काजल शिखर मंदिर के दर्शन के लिए जाना पड़ता है। इसमें करीब 1 घंटे का समय लगता है। सीढ़ियों से जाने में महिला व बुजुर्ग श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। रोप-वे सुविधा शुरू होने पर भक्तों को काजल शिखर तक पहुंचने में महज 4 मिनट का समय लगेगा।

### मंदिर कमेटी व प्रशासन की ये है व्यवस्थाएं

श्री जीण माता के वार्षिक मेले में मंदिर ट्रस्ट की तरफ से मंदिर परिसर में पेयजल, बैरिकेट्स, सफाई व सुलभ दर्शन की विभिन्न व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत की तरफ से भी वाहन पार्किंग, सफाई, रोशनी व पेयजल आदि व्यवस्थाएं की जाएंगी। पानी के लिए ग्राम पंचायत व जलदाय विभाग टैंकरों की व्यवस्था करेंगे। वहीं विद्युत आपूर्ति 24 घंटे जारी रहेगी। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए मंदिर कमेटी व प्रशासन ने दर्शन के लिए 400 मीटर वन-वे करने का फैसला लिया है। इसमें 200 मीटर जिगजैग व 200 मीटर बैरिकेडिंग की जाएगी।

---

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने साधा भाजपा पर निशाना

# कांग्रेस की नीतियों से देश बना मजबूत, आज लोकतंत्र खतरे में

**बेधड़क** | राजसमंद




पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और लोकसभा चुनाव में भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीपी जोशी ने कहा है कि कांग्रेस की नीतियों की वजह से आज हमारा देश दुनिया में ताकतवर बना है। हालांकि, कुछ लोग 5-10 सालों की बात कहते नहीं थक रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस ने 1947 से 2014 तक ऐसी नीतियां बनाई, जिसकी बदौलत आज देश का विकास हुआ है।

जोशी गुरुवार को राजसमंद से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. दामोदर गुर्जर की नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा वाले मोदीजी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। क्या चुनाव मोदीजी लड़ रहे हैं या राजनीतिक दल का प्रत्याशी या फिर कोई नेता? लोकतंत्र के चुनाव में सियासी पार्टियों की विचारधारा चलती है और उसी के आधार पर वोट मांगने चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म, जाति व मंदिर के नाम पर लोगों को भ्रमित करना गलत है। यह स्वतंत्र लोकतंत्र का प्रतीक नहीं है। राजसमंद से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. दामोदर गुर्जर के नामांकन सभा में डॉ. सीपी जोशी ने केंद्र की मोदी सरकार व भाजपा पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा यह चुनाव मोदीजी का नहीं, बल्कि लोकतंत्र का है। ऐसे में सभी मतदाताओं को सोच समझकर मतदान करने की जरूरत है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को मैदान में उतारा है और यह निर्णय भी बहुत सोच समझकर कर लिया गया है। इसके अलावा मैं खुद भी भीलवाड़ा से चुनाव लड़ रहा हूं। ऐसे में मैं यहां अधिक समय नहीं दे पाऊंगा, लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं यहां रहूं या न रहूं, यहां का हर कांग्रेसी कार्यकर्ता सीपी जोशी बनकर अपने बूथ से 400 प्लस वोट दिलाएगा।

### गहलोत सरकार के विकास कार्य गिनाए

नामांकन सभा में डॉ. सीपी जोशी ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के दौरान राजसमंद और पूरे राजस्थान में हुए विकास कार्य को गिनाया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के वक्त केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का भी जिक्र किया। जोशी ने कहा कि आज नाथद्वारा से देवगढ़ तक अधूरी ब्रॉडगेज लाइन का काम शुरू करके लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। साथ ही इसी काम को दिखाकर भाजपा वाले वोट मांग रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि पिछले 10 सालों में सांसदों की ओर से यहां कोई ठोस कार्य नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के पास न तो कोई विजन है और न ही विकास कार्य करवाने की काबिलियत। यही वजह है कि क्षेत्र से विकास कोसों दूर है।

### जोशी ने कराए विकास कार्य: गुर्जर

मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि डॉ. सीपी जोशी के प्रयासों की वजह से ही राजसमंद में विकास हुए। वहीं, आज एक बार फिर से सीपी जोशी जिले के समग्र विकास की गारंटी देने के लिए स्वयं यहां आए हैं। ऐसे में अब यहां की जनता को जागरूक होने की जरूरत है।

### धर्म के नाम पर भ्रमित न करें

जोशी ने कहा कि आज भाजपा वाले राम मंदिर के नाम पर वोट मांग रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने सोमनाथ मंदिर बनवाया। इसके बावजूद कांग्रेस ने मंदिर के नाम पर वोट नहीं मांगे। राम मंदिर के ताले राजीव गांधी ने खुलवाए थे। बेवजह धर्म के नाम पर लोगों को भ्रमित करना उचित नहीं है। अध्योया में अगर भगवान श्रीराम का मंदिर बना है तो वो सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देश का चाहे कोई भी प्रधानमंत्री होता, उन्हें मंदिर बनवाना ही पड़ता। कांग्रेस ने नीति बनाकर सोमनाथ का मंदिर बनवाया था और हरित क्रांति की, श्वेत क्रांति की, लोगों को पढ़ाया और सभी के सेहत का ख्याल रखते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम किया।

---

## हेलिकॉप्टर से पहुंचेंगे चाकसू

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सीएम भजन लाल का रोड शो आज



**बेधड़क** | चाकसू

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। पार्टियों के दिग्गज नेता और स्टार प्रचारक भी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अपने प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को चाकसू क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा यहां दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में रोड शो के बाद सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपाइयों में खासा उत्साह नजर आ है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तैयारिया जोरों पर है। साथ ही प्रशासन भी अलर्ट है। एडिशनल डीसीपी साऊथ पारस जैन, एसीपी सुरेंद्र सिंह, चाकसू एसएचओ कैलाश दान, प्रशासनिक अधिकारियों सहित विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने गुरुवार को हेलीपेड व सभास्थल पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भजन लाल शुक्रवार को हेलीकॉप्टर से शाम 5 बजे चाकसू पहुंचेंगे। टोंक रोड स्थित जयसिंहपुरा के पास हेलीपेड तैयार किया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री चाकसू कस्बे में रोड शो कर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। मुख्यमंत्री का रोड शो अंबेडकर सर्किल कोटखावदा मोड़ से मुख्य बाजार, फागी रोड़ ज्योतिबा फुले सर्किल तक होगा। इस दौरान भाजपा कार्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के रोड शो को लेकर खास उत्साह नजर आ रहा है।

---

## पुलिस ने 24 घंटे में किया वारदात का खुलासा

# प्रेमी ने की थी महिला की हत्या

**बेधड़क** | जोधपुर



जोधपुर शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 में किराए के मकान में रहने वाली शोभा लालवानी (45) की हत्या के मामले में गुरुवार को 24 घंटे में पुलिस ने पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शोभा की हत्या करने वाला बॉयफ्रेंड नदीम (45) ने ही की थी। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर उसने चुन्नी से गला घोंटकर शोभा को मार डाला। शोभा ने उससे भतीजी की शादी के लिए 30 हजार रुपये की डिमांड की थी। जोधपुर पश्चिम डीसीपी राजेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मर्डर के मामले का खुलासा किया। जोधपुर पश्चिम डीसीपी राजेश यादव ने बताया, चौपासनी हाउसिंग थाने में शोभा लालवानी (45) की हत्या की रिपोर्ट उसके भाई पप्पू ने दी थी। पूछताछ में यह भी सामने आया कि शोभा पांच साल पहले मोती चौक में ही रहती थी। इसी दौरान उसका नदीम से संपर्क हो गया। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती दोस्ती अवैध संबंध में बदल गई। इसके बाद से ही शोभा नदीम से हर महीने 5 से 10 हजार रुपए की डिमांड करती रहती थी। रुपए नहीं देने पर पुलिस में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाने की धमकी देती थी, जिससे नदीम परेशान था। वारदात वाले दिन दोनों ने साथ में पार्टी की थी और खाना खाया था। इसके बाद शोभा ने नदीम से 30 हजार रुपए की डिमांड की थी। इसको लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। बाद में नदीम ने चुन्नी से शोभा का गला दबाकर हत्या कर दी।

---

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाकसू के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

# जनसभा की तैयारियों को लेकर की चर्चा

**बेधड़क** | चाकसू




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को चाकसू कस्बे के कोटखावदा रोड़ स्थित एक निजी मैरिज गार्डन में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल मीणा ने की।

पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी, प्रभारी रामनारायण मीणा व जुगलकिशोर चौधरी भी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस वक्ताओं ने कार्यकर्ताओ को अपने व्यक्तिगत स्वार्थ त्याग कर कांग्रेस की जाजम पर एकजुट रहकर ईमानदारी एवं आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी हित में कार्य करने की बात कही। बैठक में कांग्रेस के जन घोषणा पत्र विमोचन के लिए 6 अप्रेल को होने वाली जनसभा की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि इस जनसभा में कांग्रेस के शीर्ष केंद्रीय नेता भी शामिल होंगे। इसको लेकर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मीणा ने बताया कि जयपुर में होने वाली जनसभा में चाकसू से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं के पहुंचने का आह्वान किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है। जयपुर की जनसभा में कार्यकर्ताओं को पंचायत वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान बैठक में पूर्व चेयरमैन अब्दुल हमीद खोखर, जिला परिषद सदस्य जयनारायण गुर्जर सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## नवसंवत्सर के स्वागत में...

# दो लाख दीपों से रोशन होगी किशोर सागर की पाल

**बेधड़क** | कोटा

हिन्दू नवसंवत्सर उत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में विक्रम संवत 2081 की पूर्व संध्या पर 8 अप्रैल को किशोर सागर की पाल स्थित सेवन वंडर पार्क पर शाम 6.30 बजे भव्य दीपदान का आयोजन किया जाएगा।

समिति के मंत्री अनिल जैन ने बताया कि दीपदान के दौरान 2 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसमें शहर की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। सभी संस्थाओं एवं संगठनों को सेवन वंडर पार्क पर 200 अलग-अलग ब्लॉक बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रत्येक ब्लॉक में 1 हजार दीपक प्रज्ज्वलित की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान अलग-अलग डिजाइन की आकर्षक रंगोली भी सजाई जाएगी। इन रंगोली पर दीपक जलाकर रोशनी की जाएगी। नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर चंबल की महाआरती होगी। हाथों में हजारों दीये लेकर लोग महाआरती करेंगे। इसके लिए सामाजिक संगठनों की ओर से भी तैयारियों का दौर चल रहा है। दीपदान के बीच भव्य आतिशबाजी के साथ नववर्ष का अभिनंदन किया जाएगा।

### दीपदान के साथ चंबल की होगी महाआरती



### आयोजन में दिखेगा समरसता का संगम

आयोजन में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं की भागीदारी रहेगी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचकर परिवार सहित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। इस दौरान समरसता संगम देखने को मिलेगी। नववर्ष पर 9 अप्रैल को शहर भर में घर-घर में पत्रक बांटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी जाएगी। नवसंवत्सर के स्वागत में शहर के 51 चौराहों को सजाया जाएगा और राहगीरों को नीम और मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### घरों-मंदिरों में पर लगाएंगे ध्वज-पताका

नवसंवत्सर के स्वागत में शहर में सवा लाख घरों और 500 मंदिरों पर ध्वज-पताकाएं बदली जाएंगी। लोग अपने घरों पर भी भगवा पताकाएं लगाकर नव संवत्सर के शुभारंभ पर मंगल कामना करेंगे। इसके साथ ही शहरभर के प्रमुख मंदिरों में महाआरती के आयोजन होंगे। इसके अलावा शहर में 7 अप्रैल को भगवा रैली निकाली जाएगी।

### भगवा झालर की मांग, प्लास्टिक से बनी झालर का उपयोग नहीं

हिन्दू नवसंवत्सर उत्सव आयोजन समिति के प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि शहरभर में ध्वज-पताकाओं और कपड़े की भगवा झालर की बहुत अधिक मांग है। इसमें प्लास्टिक से बनी झालर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सेवा भारती के माध्यम से इन परिवारों को कपड़ा देकर झंडे और झालर सिलवाए जा रहे हैं। जिनसे शहर के तकरीबन 120 जरूरतमंद परिवारों को रोजगार मिल रहा है।

---

# वन विभाग ने फॉरेस्टर और वनपाल को किया निलंबित

**दौसा।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी क्षेत्र में लगातार अवैध खनन को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं करना वन विभाग के कर्मचारियों को भरी पड़ गया। मामले में दौसा उप वन संरक्षक अजीत उचोई ने गुरुवार को बालाजी नाके के फॉरेस्टर दिनेश मीणा और वनपाल महेंद्र बैरवा को निलंबित कर दिया।

वहीं, निलंबन के दौरान दोनों का मुख्यालय डिवीजन कार्यालय में त्वरित प्रभाव से उपस्थित होने के आदेश दिए गए हैं। दरअसल, जिले के सिकराय उपखंड में लगातार अवैध खनन की शिकायतें दौसा उप वन संरक्षक को मिल रही थी। उसके चलते वनकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उप वन संरक्षक अजीत उचोई ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही अवैध खनन में लिप्त पाए गए विभागीय अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव और एसपी रंजिता शर्मा ने जिले में जॉइनिंग के दौरान जिले में हो रहे अवैध खनन को लेकर चिंता जाहिर की थी। ऐसे में जिला कलेक्टर और एसपी ने जिले के अधिकारियों की बैठक कर अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के आदेश दिए थे। उच्चाधिकारियों द्वारा बार-बार आदेश जारी करने के बाद भी जिले के सिकराय उपखंड में वन अधिकारी अवैध खनन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहे थे। अवैध खनन में वनकर्मियों की मिलीभगत भी सामने आई थी।

## मणिपाल विश्वविद्यालय में मटेरियल साइंस और कम्प्यूटेशनल तकनीक पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

# पदार्थों के बिना जीवन असंभव, आध्यात्मिक विज्ञान भी जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की मणिपाल विश्वविद्यालय में मटेरियल साइंस और कम्प्यूटेशनल तकनीकों में हालिया में हुई प्रगति पर चौथे इंटरनेशनल कांफ्रेस का आयोजन हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. एन. कलैसेलवी, महानिदेशक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) नई दिल्ली ने किया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ. एन कलैसेलवी ने कहा कि पदार्थों के बिना जीवन असंभव है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक विज्ञान भी हमारे जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। अमृत काल और आत्मनिर्भर भारत के बारे में बात करते हुए उन्होंने छात्रों और विद्वानों से अनुसंधान और नवाचार के रास्ते पर आने वाले शानदार अवसरों को न चूकने का आग्रह किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पूजा शर्मा ने प्रस्तुत किया।

इससे पहले डीन, विज्ञान संकाय प्रो. ललिता लेडवानी ने सभी प्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया। प्रो-प्रेसिडेंट प्रोफेसर जे. जांगिड़ ने मटेरियल की मजबूती के बारे में बात की। उन्होंने नौसेना और वायुसेना में अपने अनुभव साझा किए। जहां उन्होंने रक्षा प्रणालियों में महत्वपूर्ण रूप से उपयोग की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों की भूमिका पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी.के. प्रभु ने कहा कि पदार्थ हमारी दुनिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्वानों और छात्रों को विभिन्न डोमेन के बीच नेटवर्किंग का रास्ता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मेलन के अन्य संयोजक डॉ. अनामिका जैन, डॉ. मौसमी देबनाथ और डॉ. मनीषा शर्मा और विभिन्न विभागों के प्रमुख भी उपस्थित थे। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रख्यात शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं को एक साथ होने वाला है। सम्मेलन में आए विद्वान बहुकार्यात्मक सामग्रियों और कम्प्यूटेशनल तकनीकों के सभी पहलुओं पर अपने अनुभवों और शोध निष्कर्षों का आदान-प्रदान करेंगे। मारोह के मुख्य अतिथि का परिचय संयोजक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने दिया।



### चुनौतियों और समाधान पर होगी चर्चा

मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के विज्ञान संकाय का यह प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और शिक्षकों के लिए नवीनतम नवाचारों, रुझानों और चिंताओं के साथ-साथ सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और क्षेत्रों में अपनाए गए समाधानों को प्रस्तुत करने और चर्चा करने के लिए एक प्रमुख अन्तःविषयी मंच होगा।

### वैज्ञानिक विचारों का आदान-प्रदान

इसके अलावा इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के अनेक विशेषज्ञ वैज्ञानिक विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसमें पूर्ण, मुख्य भाषण, आमंत्रित वार्ता और मौखिक और पोस्टर सत्र होंगे। पदार्थ विज्ञान और कम्प्यूटेशनल तकनीकों के प्रमुख क्षेत्रों को कवर करने वाले कुल पांच ट्रैक चुने गए हैं, जिनके अनुरूप कार्यक्रम के दौरान मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियां होंगी।

## Yuva स्टोरीज

### डॉ. मिश्र बने संस्कृत विवि के अनुसंधान केन्द्र निदेशक



**बेधड़क** | जयपुर

जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति के अनुमोदन पर बुधवार को कुलसचिव द्वारा आदेश जारी कर डॉ. राजधर मिश्र को कार्यकारी निदेशक अनुसंधान के पद पर लगाया गया है। गौरतलब है कि डॉ. राजधर मिश्र पहले भी निदेशक अनुसंधान के पद पर रहे हैं। इसी के साथ डॉ. विनोद कुमार शर्मा को कुलानुशासक के पद पर तथा डॉ. माता प्रसाद शर्मा को निदेशक शैक्षणिक परिसर के पद पर लगाया गया है।

### एनटीए जल्द जारी करेगा सीईयूटी PG की आंसर-की



**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) जल्द ही आधिकारिक पोर्टल पर रिस्पांस सीट के साथ सीयूईटी पीजी अनंतिम आंसर की जारी करेगा।

छात्रों को अपनी दर्ज की गई प्रतिक्रियाओं की जांच करने के लिए सीयूईटी पीजी लॉगिन 2024 में विवरण दर्ज करना हेगा। सीयूईटी पीजी आंसर की पीडीएफ डाउनलोड करने का सीधा लिंक pgcuet.samarth.ac.in पर सक्रिय हो जाएगा। जो उम्मीदवार सीयूईटी पीजी परीक्षा के लिए उपस्थित हुए हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट से अनंतिम उत्तर कुंजी और प्रश्न पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। दरअसल एनटीए सीयूईटी. पीजी उत्तर कुंजी उम्मीदवारों को उनके संभावित अंकों की गणना करने में मदद करती है।

जो उम्मीदवार सीयूईटी पीजी अनंतिम आंसर की से संतुष्ट नहीं हैं, वे प्रति प्रश्न 200 रुपये का शुल्क देकर इसे चुनौती दे सकते हैं, जो कि वापसी योग्य नहीं है। छात्र गुरुवार से आधिकारिक सीयूईटी पीजी पोर्टल पर सीयूईटी पीजी उत्तर कुंजी 2024 देख सकते हैं। सीयूईटी पीजी उत्तर कुंजी चुनौती के लिए भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या पेटीएम के माध्यम से किया जाएगा।

### सीजीएल में अच्छे प्रदर्शन से बन सकते हैं ईडी अफसर

**बेधड़क** | जयपुर



इन दिनों आपने ईडी शब्द तो बार-बार जरूर सुना होगा। अगर आपको ईडी में नौकरी करनी है तो यह खबर आपके लिए उपयोगी है। ईडी ऑफिसर बनने के लिए अभ्यर्थी के पास किसी भी विषय में ग्रेजुएशन डिग्री होनी चाहिए। साथ ही उम्मीदवारों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष से कम और पदानुसार अधिकतम आयु 27/ 30 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवारों को एसएससी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाले कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जामिनेशन यानी कि SSC CGL में भाग लेना होगा। उम्मीदवारों को टियर-1 एवं टियर-2 में कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट एग्जाम में भाग लेना होगा। इन दोनों ही चरणों में सफल उम्मीदवारों को टियर-3 में लिखित परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्न) में शामिल होना होगा। अंत में उम्मीदवारों को टियर-4 में पदानुसार कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा/ डाटा एंट्री कौशल परीक्षा में शामिल होना होगा। सभी चरणों में किए गए प्रदर्शन के आधार पर फाइनल लिस्ट तैयार की जाएगी। जिन उम्मीदवारों का नाम फाइनल लिस्ट में होगा उनको ईडी में ऑफिसर के पद पर तैनात किया जाएगा।

## कॉलेज का 25वां स्थापना दिवस मनाया

# आर्च ने डिजाइन शिक्षा में रची नई परिभाषा

**बेधड़क** | जयपुर

आर्च कॉलेज ऑफ़ डिज़ाइन बिज़नेस ने अपना 25वां स्थापना दिवस कॉलेज परिसर में मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंजू शर्मा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जयपुर शहर और डॉ. अरुण चतुर्वेदी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य-भाजपा पूर्व अध्यक्ष भाजपा राजस्थान मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्च कॉलेज ऑफ़ डिज़ाइन जयपुर की संस्थापक और निदेशक अर्चना सुराना ने की।

डॉ. अरुण चतुर्वेदी, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व अध्यक्ष - भाजपा राजस्थान, स्टूडेंट्स को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने स्टूडेंट्स के समर्पण और मेहनत की सराहना की, जो उन्हें उनकी उपलब्धियों को प्राप्त करने में सहायक बनाती है।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि इसके साथ ही, उन्होंने जीवन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। उनके उत्साह जनक शब्दों ने छात्रों के मन में उत्साह भर दिया और उन्हें निरंतरता की दिशा में प्रेरित किया।आर्च कॉलेज की संस्थापक और निदेशक अर्चना सुराना ने पिछले 25 वर्षों में संस्थान द्वारा हासिल किए गए सफलता पर जोर दिया।

- मंच पर बिखरे कला के सतरंगी रंग
- स्थापना दिवस पर स्टूडेंट्स ने अपने अनुभव को साझा किया



### समृद्ध और सफलातपूर्ण रहा सफर

अतिथियों ने कहा कि आर्च कॉलेज के 25 वर्षों का जश्न मनाना हमारे संगठन के समृद्ध और सफलता पूर्ण सफर का गौरव है। हम इस अद्वितीय संगठन की उत्कृष्टता को सराहते हैं, जिसने डिज़ाइन शिक्षा में नई परिभाषाएं स्थापित की हैं। आर्च कॉलेज के पच्चीस वर्ष केवल समय का उत्सव नहीं है बल्कि उन सभी की असीम रचनात्मकता, समर्पण और जुनून का प्रमाण है जिन्होंने हमारी यात्रा में योगदान दिया है।



## कोचिंग सिटी कोटा हुई गुलजार 45 हजार ने लिया एडमिशन



**जयपुर।** कोचिंग नगरी कोटा में इन दिनों हर तरफ छात्र और अभिभावकों की भीड़ हैं। आईआईटी जेईई, नीट समेत प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। दूर-दूर से पेरेंट्स अपने बच्चे का एडमिशन कराने कोटा पहुंच रहे हैं। पेरेंट्स, हॉस्टल में भी अपने बच्चों का एडमिशन फॉर्म भर रहे हैं। राजस्थान बोर्ड परीक्षा खत्म होने के साथ ही कोचिंग हब कोटा में नए शैक्षणिक सत्र की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। दरअसल कोचिंग में जनवरी से नए बैच शुरू हो चुके हैं। कोचिंग संस्थानों का इस साल शिक्षा नगरी में दो लाख से अधिक स्टूडेंट के आने का अनुमान है। कोचिंग में रोजाना चार हजार नए स्टूडेंट एडमिशन के लिए पहुंच रहे हैं। अब तक 45 हजार से अधिक स्टूडेंट कोचिंग संस्थानों में प्रवेश ले चुके हैं। बता दें कि कोटा कोचिंग संस्थानों का सालाना छह हजार करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर है। इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए देशभर से छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता और अभिभावकों के साथ कोटा पहुंच रहे हैं।

# जेईई मेन में मैथ्स ने स्टूडेंट्स को छकाया



**बेधड़क** | जयपुर

जेईई मेन सेशन-2 के पहले दिन की परीक्षा गुरुवार 4 अप्रैल को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। विशेषज्ञों के अनुसार जेईई मेन पेपर-1 की सुबह की शिफ्ट की परीक्षा में मैथ्स वाला हिस्सा औसत रहा। कठिनाई का स्तर मध्यम दर्जे का था। पेपर देकर निकले बहुत से स्टूडेंट्स ने बताया कि कई प्रश्न लम्बे और पेचीदे थे।

कक्षा 11वीं और 12वीं सीबीएसई सिलेबस से अमूमन सभी चैप्टस से प्रश्न आए थे। कैलकुलस एंड एलजेब्रा के अध्यायों पर जोर देते हुए सभी चैप्टरों से प्रश्न पूछे गए थे। वेक्टर, 3 डी ज्योमेट्री, डिफ्रेंशियल इक्वेशन और कोनिक सेक्शन से एक से अधिक प्रश्न पूछे गए। कैलकुलस में फंक्शन, कंटीन्यूटी एंड डिफ्रेंशियबिलिटी, डिफिनेट इंटीग्रल, एरिया से प्रश्न आए। एलजेब्रा में प्रोबिबिलिटी, बायनोमियल थ्योरम, कॉम्पलेक्स नंबर, स्टैट्स, प्रोग्रेशन, मैट्रिसेस वगैर से प्रश्न आए।

एक्सपर्ट्स व स्टूडेंट्स ने फिजिक्स व केमिस्ट्री को सेक्शन को आसान करार दिया। एनसीईआरटी कक्षा 12वीं अध्यायों से कुछ फैक्ट बेस्ड प्रश्न भी पूछे गए थे। छात्रों ने फिजिक्स को काफी बैलेंस बताया।

दोनों सत्रों की जेईई मेन परीक्षाएं खत्म होने के बाद दोनों सत्रों के बेस्ट एनटीए स्कोर के आधार पर स्टूडेंट्स की रैंक जारी की जाएगी। जेईई मेन परिणाम में पहले 2,50,000 रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवार जेईई एडवांस टेस्ट के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। जेईई एडवांस के जरिए आईआईटी में दाखिला मिलता है।

## NCERT की 12 वीं बुक्स में दिखेंगे नए बदलाव

**जयपुर।** एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इतिहास के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए हैं। इस अध्ययन से माना जाता रहा "आर्यों के आगमन" का सिद्धांत गलत साबित होता है। एक अखबार के मुताबिक सिंधु घाटी सभ्यता के तथ्यों में किए गये ये बदलाव पुरातात्विक खोजों से मिले सबूतों पर आधारित हैं। इसके अलावा NCERT ने कई विषयों के पाठ्यक्रम में भी बदलाव किए हैं, जिनमें कक्षा 7, 8, 10, 11 और 12 शामिल हैं। लेकिन सबसे अहम बदलाव 12वीं कक्षा की इतिहास की किताब "थीम्स इन इंडियन हिस्ट्री पार्ट-1" के अध्याय "ईंटें, मनके और हड्डियाँ - सिंधु घाटी सभ्यता" में किए गए हैं। राखीगढ़ी में किए अध्ययन के बाद यह फैसला हुआ।

## डिस्कशन | आरयू के लाइफ लॉन्ग लर्निंग विभाग ने नशा मुक्ति जागरूकता कैम्प का किया आयोजन

# नशे के दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को चेताया

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के लाईफ लॉन्ग लर्निंग विभाग की ओर से कुलाधिपति कलराज मिश्र की प्रेरणा पर 'नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जालसू पंचायत समिति की प्रभादेवी मेमोरियल पीजी कालेज में नशा मुक्ति जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। विभाग के निदेशक प्रोफेसर प्रकाश शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों/कॉलेजों में विद्यार्थियों के बीच जीवन कौशल और नशीली दवाओं पर जागरुकता एवं ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग की ओर से नौजवान विद्यार्थियों में मादक पदार्थों के सेवन की शुरुआत में रोकथाम करना है। प्रोफेसर प्रकाश शर्मा ने नौजवान छात्र-छात्राओं को बताया कि पूरी दुनिया नशीली दवाओं की लत के खतरें का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कथन है "युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है' की प्रेरणास्वरूप इस कार्यक्रम के अन्तर्गत युवावर्ग, महिलाओं, छात्र-छात्राओं पर विशेष फोकस किया गया। लाईफ लांग लर्निंग विभाग का उद्देश्य युवा नशा मुक्त कार्यक्रम के तहत, स्कूल/कॉलेज जाने वाले बच्चों में नशे की प्रवृति को शुरुआत में रोकने एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जाग्रत करना हैं। जिससे युवा पीढ़ी की उर्जा समाज एवं देश के विकास में योगदान कर सकें।





### महाविद्यालय जगाएगा जागरूकता की अलख

महाविद्यालय के निदेशक देवकृष्ण मण्डीवाल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान जागरुकता में भागीदार बनकर स्वस्थ जीवन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण स्थान बन जाते हैं। मण्डीवाल ने विश्वास दिलाया कि इस क्षेत्र के आस पास के गांवों में महाविद्यालय की ओर से मादक पदार्थों के सेवन के खतरें को रोकने के लिए सभी आयु वर्ग एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों तक पहुंचकर जागरूकता की अलख जगाने का काम करेगा।

### नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

कार्यक्रम में लाईफ लॉग लर्निंग विभाग के निदेशक प्रोफेसर प्रकाश शर्मा ने समस्त नौजवान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कि "मैं किसी भी प्रकार का नशा न करता था, न करता हूँ, न भविष्य में करूंगा। साथ ही अपने महाविद्यालय के मित्र, मौहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को भी इससे दूर रखूंगा ताकि नशा मुक्त समाज के निर्माण का सच्चा सेवक बन सकूं।" कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापित कॉलेज के प्राचार्य रिशी कुमार मण्डीवाल ने किया।

# भारत राष्ट्र के मनीषी बाबू जगजीवन राम



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बात चाहे आजादी के संघर्ष की हो अथवा स्वाधीन भारत को अर्थपूर्ण मुकाम देने की या दलित समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की देश सदैव ही जगजीवन बाबू का ऋणी रहेगा। जगजीवन बाबू का निर्मल व्यक्तित्व, ओजपूर्ण वक्तव्य और समतावादी विचार आज भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणा का स्रोत है। गरीब और दबे-कुचले परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी बाबू जगजीवन राम में साहस और आत्मबल गजब का था। छात्र जीवन से ही वे जुझारु प्रकृति के थे और देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और गैर-बराबरी की पीड़ा उन्हें द्रवित करती थी किंतु वे कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने हर परिस्थितियों का साहस से मुकाबला किया। बाबू जगजीवन राम में विपरीत परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की अद्भुत क्षमता थी। अपने कुशल व्यवहार व शालीन आचरण तथा धीर-गंभीर व्यक्तित्व के कारण अपने वैचारिक विरोधियों में भी उतना ही लोकप्रिय थे जितना कि अपनों के बीच। बाबू जगजीवन राम का उदात्त जीवन गांधी जी से प्रभावित था। गांधी की तरह वे भी अहिंसात्मक आंदोलन में विश्वास करते थे। इसीलिए वे गांधी जी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में जब गांधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन का नारा दिया तो बाबू जगजीवन राम सेनापति की तरह अग्रिम पंक्ति में डट गए। सिविल नाफरमानी आंदोलन में भी वे अंग्रेजी सरकार की मुखालफत कर जेल जाना स्वीकार किया। मानवीय उदात्त भावनाओं से लबरेज बाबू जगजीवन राम की लोकप्रियता की धाक ही कही जाएगी कि वे महज 28 साल की उम्र में ही 1936 में बिहार विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद जब 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के तहत 1937 में चुनाव हुआ तो वे डिप्रेस्ड क्लास लीग के उम्मीदवार के तौर पर

> *उम्मीद की किरण तब जगी जब डॉ. नॉरमन बोरलाग भारत आकर हरित क्रांति का संचार किया। उस समय बाबू जगजीवन राम कृषि मंत्री थे, उन्होंने डॉ. नॉरमन विचारों को सराहा और अपना शत-प्रतिशत राजनीतिक समर्थन दिया। इसके परिणाम स्वरूप देश में हरित क्रांति का संचार हुआ और देश में जहां अन्न की कमी और सूखे की भयावहता मानवता को लील रही थी, वहीं अब अन्न उत्पादन में देश आत्मनिर्भर बनने लगा। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में बाबू जगजीवन राम का योगदान अविस्मरणीय है। जिस तरह उन्होंने सेनाओं के लिए राजनीतिक समर्थन जुटाया वह उनकी राष्ट्रभक्ति की अटूट बानगी है।*

निर्विरोध चुने गए और साथ ही अपने राजनीतिक आभामंडल से 14 उम्मादवारों को भी निर्विरोध निर्वाचित कराने में सफल रहे। हालांकि अग्रेजों ने भरपूर कोशिश की कि बाबू जगजीवन राम को पद और धन का लालच देकर बिहार में एक कमजोर सरकार का गठन किया जाए। लेकिन स्वाभिमान के धनी बाबू जगजीवन राम ने अंग्रेजों की रणनीति विफल कर दी और उनकी राष्ट्रनिष्ठा का देश ने लोहा माना। बिहार में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो वे मंत्री बनाए गए। लेकिन अंग्रेज सरकार के तिकड़म से आजिज आकर जब गांधी जी की सलाह पर कांग्रेसी सरकारों ने इस्तीफा दिया तो बाबू जगजीवन राम इसमें भी सबसे आगे दिखे। बाबू जगजीवन राम लोहे से लोहा काटने में माहिर थे और उन्होंने अंग्रेजों की कूटनीतिक रणनीति का जवाब राष्ट्रनीति से दिया। देश की आन-बान और शान उनके लिए सर्वोपरि था। अंग्रेजों की दिली इच्छा थी कि भारत छोड़ने से पहले भारतवर्ष कई टुकड़ों में विभक्त हो। इसके लिए वे बाबू जगजीवन राम को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने जब बाबू जगजीवन राम डिप्रेस्ड क्लास लीग के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए तो अंग्रेजों ने उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश की। दरअसल उनकी मंशा दलितों और भारतीयों में फूट डालने की कोशिश की थी। लेकिन बाबू जगजीवन राम अंग्रेजों की मंशा को तत्काल भांप गए और सजग हो गए। बाबू जगजीवन राम की राजनीतिक स्वीकार्यता इतनी जबरदस्त थी कि अंतरिम सरकार में लार्ड वॉवेल की कैबिनेट में जब एक दर्जन लोगों को शामिल किया गया तो उनमें जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम मंत्रालय का प्रभार दिया गया। श्रम विभाग के मंत्री तौर उन्होंने अपनी काबिलियत का भरपूर परिचय दिया। उनके मन में आम आदमी के प्रति पीड़ा थी। उसकी स्पष्ट छाप उनके कार्यों में भी देखने को मिली। उनके फोकस में हमेंशा समाज के अंतिम पांत का अंतिम व्यक्ति था। वे चाहते थे कि समाज के गरीब, दबे-कुचले और निरीह लोग राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित हो और उनका चतुर्दिक विकास हो। इसलिए श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने ढ़ेरों ऐसे मानवीय कानून बनाए जो आज भी प्रासंगिक हैं। मसलन उन्होंने मिनिमम वेजेज एक्ट, इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट और ट्रेड यूनियन बनाया जिसकी उपादेयता आज भी मजदूरों के हित के लिए सर्वाधिक सारगर्भित मानी जाती है। आजादी के बाद भी बाबू जगजीवन राम ने अपने गुरुत्तर उत्तदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। 1952 में जब देश में प्रथम आम चुनाव हुआ और पंडित नेहरु की सरकार बनी तो जगजीवन बाबू संचार मंत्री बनाए गए। जगजीवन बाबू की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वे आंख बंद कर दूसरे पर भरोसा करते थे और चाहते भी थे कि उन पर भी उसी तरह भरोसा किया जाए। जब इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के जटिल दौर से गुजर रही थी उस दरम्यान बाबू जगजीवन राम उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहे। हिमालय की तरह अडिग विचार और सागर की तरह गहरी संवेदना रखने वाले इस मनीषी की पुण्यतिथि पर भला उन्हें कौन याद करना नहीं चाहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मोदी और महिला सशक्तीकरण

# महिला मतदाताओं की निर्णायक भूमिका



डॉ. सौरभ मालवीय
वरिष्ठ साहित्यकार

> *महिलाओं का स्वप्न होता है कि उनका भी अपना निजी मकान हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार निर्धन लोगों को पक्के आवास उपलब्ध करवा रही है। इनके पंजीकरण में महिलाओं का नाम सम्मिलित किया जा रहा है। इसके कारण अब महिलाएं भी अपने घर की स्वामिनी बन रही हैं। उनका स्वयं के घर का स्वप्न पूर्ण हो रहा है। इतना ही नहीं, मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तीव्र गति से कार्य कर रही है।*

लोकसभा चुनाव-2024 सिर पर है। इस बार भी चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में रहेंगी। इसलिए भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे के साथ- साथ महिला सशक्तीकरण को लेकर चुनाव प्रचार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण आशा है कि उसे महिलाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। इसके अनेक कारण हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस वर्ष के शासन काल में महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किए, अपितु उनके मान- सम्मान को भी विशेष महत्त्व दिया। वे दावे से कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तीकरण- ये मोदी की गारंटी है। उनका कहना है कि मोदी ने बहन- बेटियों को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण की गारंटी दी थी। वह पूर्ण हो चुकी है। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलाने की गारंटी भी दी थी। ये गारंटी भी मोदी ने पूर्ण की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तीकरण के कार्यों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम प्रमुख है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए सदैव से ही प्रतिबद्ध रही है। मोदी सरकार ने समय- समय पर दोहराया है कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी प्रयास का ही परिणाम है। सितम्बर 2023 पारित यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इसके पारित होने से महिलाओं की एक लम्बित मांग पूर्ण हुई है। इस विधेयक को लेकर विपक्षी दलों ने केवल टाल- मटोल का व्यवहार ही किया था। उन्होंने इस विधेयक को लेकर केवल महिलाओं के वोट हथियाने का ही प्रपंच रचा। उन्होंने इस संबंध में कभी गंभीरता से कार्य नहीं किया, किन्तु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस विधेयक के संबंध में पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से कार्य किया तथा इसे पारित



करवाया। इसी प्रकार बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम महिलाओं के हित में भी निर्णय लेते हुए उन्हें तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलवाई। इस पर भी उन्हें निशाना बनाया गया, परन्तु उन्होंने किसी की नहीं सुनी और मुस्लिम बहनों के हित में निर्णय लिया। इन सब निर्णयों के कारण ही महिलाओं में मोदी सरकार विशेषकर नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसीलिए उन्हें महिलाओं का भरपूर जनसमर्थन प्राप्त होता रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नारी शक्ति को अधिक से अधिक अवसर देना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा सरकार के प्रयास से आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। मोदी सरकार महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार आदि से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए युद्धस्तर पर शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। इससे एक ओर महिलाओं को मान मिल रहा है, दूसरी ओर उन्हें अपराधों से भी मुक्ति मिल रही है।

महिलाएं शौच के लिए अंधेरे में ही निर्जन स्थानों पर जाती हैं। ऐसी परिस्थिति में वे अपराधी तत्वों का शिकार बन जाती हैं। इसके अतिरिक्त समय पर नित्य कर्म से न निपटने के कारण वे अनेक रोगों की भी चपेट में आ जाती हैं, किन्तु शौचालयों के निर्माण से उन्हें इस समस्या से छुटकारा मिल रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार देश में विगत नौ वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं, जिससे देश को खुले में शौच के अभिशाप से मुक्ति मिली है। वास्तव में मोदी सरकार महिलाओं के हित के अनेक कार्य कर रही है। वह उनकी प्रत्येक छोटी से छोटी बात का भी ध्यान रख रही है।

महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार अर्जित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे वे कुटीर उद्योग चालू कर रही हैं। जो महिलाएं सिलाई का कार्य जानती हैं तथा उनके पास सिलाई मशीन क्रय करने के लिए धन नहीं हैं उन्हें निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की जा रही हैं। ये महिलाएं अब घर पर ही सिलाई का कार्य करके धन अर्जित कर रही हैं। आत्मनिर्भरता के कारण उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। अब वे अपनी इच्छा से अपना धन व्यय कर रही हैं। उनके जीवन यापन की शैली में परिवर्तन आया है। यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महिला हितैषी योजनाओं का ही परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि भारत की नारी शक्ति, विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने निरंतर कार्य किया है। जनधन योजना के अंतर्गत करोड़ों बहनों के बैंक खाते खोले हैं। इन दस वर्षों में देश में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की संख्या दस करोड़ को पार कर गई है। देश में दस वर्षों में बहनों के इन समूहों को स्वरोजगार के लिए आठ लाख करोड़ रुपए की सहायता बैंकों से दिलवाई गई है।

नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में कहा था कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी- शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वह है- प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता। केमिकल से हमारी धरती मां को जो कष्ट हो रहा है, जो पीड़ा हो रही है, जो दर्द हो रहा है - हमारी धरती मां को बचाने में देश की मातृशक्ति बड़ी भूमिका निभा रही है। देश के कोने- कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। आज अगर देश में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत इतना काम हो रहा है तो इसके पीछे पानी समितियों की बहुत बड़ी भूमिका है। इस पानी समिति का नेतृत्व महिलाओं के ही पास है। इसके अलावा भी बहनें-बेटियां, जल संरक्षण के लिए चौतरफा प्रयास कर रही हैं।

मोदी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सशक्तीकरण के लिए किए गए कार्यों की सफलता ही है कि आज महिलाएं आत्मविश्वास के साथ निर्भीक होकर घर से बाहर जाकर कार्य कर रही हैं। कहा जाता है कि महिला मतदाता साइलेंट वोटर होती हैं। महिला मतदाता जिस दल को अपना समर्थन देती हैं, उसे ही बहुमत प्राप्त होता है तथा सरकार उसी दल की बनती है। विशेष बात है कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध विरोधियों द्वारा दुष्प्रचार करने के पश्चात भी मुस्लिम महिलाएं इन्हें अपना भरपूर समर्थन दे रही हैं। इस बार यह देखना अत्यंत रोचक होगा कि महिलाएं उन्हें कितना समर्थन देती हैं। उनका कहना है कि उन्हें उन निर्णयों पर गर्व है जिन्होंने महिला सशक्तीकरण को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि उनका तृतीय कार्यकाल भी विकास एवं महिला सशक्तीकरण को समर्पित रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सादा जीवन-उच्च विचार की लंगोटी!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

वे मेरे पास 'सादा जीवन-उच्च विचार' की लंगोटी लेकर आए और बोले-'शर्मा तुम इसे पहन लो, अब यह मेरे कोई काम नहीं आ रही। बच्चे कहते हैं, इस युग में यह अपने घर में अच्छी नहीं लगती। तुम तो खुद सिद्धान्तवादी हो, इसे पहन लोगे तो पक्के उसूलवादी बन जाओगे। मेरे यहां तो यह बीस वर्षों से खूंटी पर टंगी गंदी हो गई है। किसी बढ़िया डिटर्जेंट से धोकर पहन लेना, सच्चे आदर्शवादी बन जाओगे।'

मेने कहा-'श्यामलाल जी, कोठी, बंगला, कार और नौकर-चाकर वाले हो गए तो तुम्हारे लिए यह सादा जीवन-उच्च विचार की लंगोटी अप्रासंगिक हो गई। मैं आपकी इस लंगोटी का क्या करूंगा। मैंने तो ऑलरेडी पहले से ही पहन रखी है और इसी से मेरा जीवनयापन हो रहा है, वरना पांच-सात हजार के वेतन से मेरे बंटता क्या है? उसूलों से और सादगी से रहता हूं तो गुजारा हो जाता है वरना भूखों मरने की नौबत है।'

श्यामलाल जी जिद पर अड़े थे, बोले-'तुम एक और लंगोटी पहन लो, गुजारा और आसान हो जाएगा मैं इसे फेंक भी नहीं सकता। विचार का अपमान मुझे अच्छा नहीं लगता। बच्चे एम एन सी में लगे हुए हैं, मैं पार्षद हूं। अच्छा कमा लेते हैं, अब सादा जीवन-उच्च विचार को हमारे यहां पूछने वाला कोई है नहीं। पोते-पोती कॉन्वेंट में पढ़ते हैं। पीजा-बर्गर और चाकलेट का सादा जीवन से कोई मेल नहीं। उच्च विचार जब से राजनीति में आया हूं, तब से बेमानी हो गए हैं, इसलिए भैया मुझे इस बोझ से हल्का तुम ही कर सकते हो। अभी तुम इस बोझ को लादे हुए हो, इसलिए थोड़ा सा वजन और सही। घर इसे लेकर जाऊंगा तो इसकी बहुत बुरी गत होगी।' तभी मेरी पत्नी आ गई, वह आकर बोली-'श्यामालाल जी आज कैसे हम गरीबों के आना हुआ? और घर में सब ठीक-ठाक तो है न?' श्यामलाल जी बोले-'घर में तो सब ठीक हैं भाभी, यह सादा जीवन-उच्च विचार की लंगोटी शर्मा जी को देने आया था, परन्तु ये भी ना-नुकर कर रहे हैं। तुम्हीं समझाओ न, ये इसे भी पहन लें।'

पत्नी ने कहा-'शर्मा जी ने तो भैया, पहले से ही पहन रखी है और इसी से काम चल रहा है। मेरा कहा मानो तो दिखाने और वोटर को धोखा देने के लिए आप पहन लो। आजकल बड़े आदमियों की जीवन शैली यही है। अन्दर से अलग और बाहर कुछ और। हमने तो इसे आदर्श मानकर अपना रखा है, आपके चुनाव में काम आएगी।'

'उसके लिए तो भाभी मेरे पास हजार पैंतरे और बहाने हैं। वे काम आते हैं। चुनाव आजकल इससे नहीं जीता जाता। वोटर को भी प्रलोभन देकर उसका वोट हासिल किया जाता है। हम राजनेताओं के चेहरे एक नहीं, अनेक हैं वर्ना हमें जीने कौन दे?

काजल की कोठरी में रहते-रहते पूरे काले हो गए हैं। पचास भला-बुरा सुनते हैं, तब राजनीति से कमाकर खाते हैं।' श्यामलाल जी बोले-'तो पत्नी ने कहा-'हमें मत समझाओ श्यामलाल जी हम आज की राजनीति और राजनेताओं को भली प्रकार से जानते हैं। जीवन में कुछ भला भी करो। इस धिक्कारपूर्ण छल-कपट के कोटर से बाहर निकलकर भी देखो। आदमी दो रोटी ही खाता है, नोट नहीं।'

## नॉलेज कॉर्नर: 85 देशों को हथियार बेच रहा इंडिया

# भारत का डंका, 21 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट

रक्षा क्षेत्र में भारत ने रिकॉर्ड बनाया है। साल 2024 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 21 हजार करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। डिफेंस एक्सपोर्ट के मामले भारत में इतना बड़ा आंकड़ा पहली बार देखने को मिला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि चीन से लेकर यूरोप और अमेरिका तक हिल गए हैं। साल 2023-24 की तुलना में इस साल डिफेंस एक्सपोर्ट में 32 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले कई सालों में मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारत में मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। आज 80 से अधिक देशों में भारत हथियार, एयरक्राफ्ट और डिफेंस सेक्टर से जुड़े इक्विपमेंट एक्सपोर्ट कर रहा है। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### ब्रह्मोस से रॉकेट लॉन्चर तक

ज्यादातर लोगों को लगता है कि भारत ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल से लेकर आर्टिलरी गन समेत कुछ चुनिंदा चीजें दुनियाभर में एक्सपोर्ट कर रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है। भारत हथियारों से लेकर डिफेंस इक्विपमेंट तक दुनिया के लिए 85 देशों को दे रहा है। इसमें डॉर्नियर-228 एयरक्राफ्ट, राडार, आर्म्ड व्हीकल्स, रॉकेट, रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, अलार्म मॉनिटरिंग एंड कंट्रोल सिस्टम, फायर कंट्रोल सिस्टम और नाइट विजन मोनोकुलर एंड बाइकुलर शामिल है। इसके अलावा भारत हाई



फ्रीक्वेंसी रेडियो, कोस्टल सर्विलांस रडार समेत कई इक्विपमेंट भी एक्सपोर्ट कर रहा है। गृह मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत दुनिया के 34 देशों को बुलेट प्रूफ जैकैट सप्लाई कर है। इसमें जापान, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देश शामिल हैं। वहीं, UAE, इंडोनेशिया, इजिप्ट और थाइलैंड समेत दुनिया के 10 देश भारत से गोला-बारूद खरीद रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस भारत से डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स खरीद रहे हैं। वहीं मॉरिशस को इंटरसेप्टर बोट एक्सपोर्ट की जा रही हैं।

### इन देशों को सप्लाई

भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार और दूसरे इक्विपमेंट सप्लाई कर रहा है। इसमें इटली, मालदीव, रूस, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, फिलीपींस, सऊदी अरब, पोलैंड, इजिप्ट, इजरायल, स्पेन और चिली समेत कई देश हैं। भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने दिसंबर 2023 में कहा था कि वह स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के निर्यात के लिए छह देशों के साथ बातचीत कर रही है। HAL के मुख्य प्रबंध निदेशक सीबी अनंतकृष्ण ने दिल्ली में एवियोनिक्स एक्सपो के मौके पर कहा था, अर्जेंटीना, फिलीपींस और नाइजीरिया के साथ बातचीत आगे बढ़ी है।

**अब आगे क्या!**

*एक रिपोर्ट के अनुसार, 6,000 करोड़ रुपए की डिफेंस डील के तहत भारत आर्मेनिया को एंटी-एयर सिस्टम एक्सपोर्ट करने के लिए राजी हुआ है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल (एसएएम) का निर्माण करके एशियाई देशों को एक्सपोर्ट करेगी।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
मजबूत इरादा, संकल्प अटल
हर बूथ पर खिलेगा कमल...
बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री @MJSinghMalviya जी की नामांकन जनसभा में देवतुल्य जनता को संबोधित किया। जनता के आशीर्वाद एवं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा।



**गोविंद सिंह डोटासरा,** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष
@GovindDotasra
पक्के इरादों से बढ़ेगा भीलवाड़ा
भागीरथ के लिए भारी जमावड़ा
भीलवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सी.पी. जोशी जी के लिए अपार जनसमर्थन कांग्रेस की जीत की तस्दीक कर रहा है।

## कूचबिहार रैली में बोलीं ममता बनर्जी... केंद्रीय एजेंसियों के आगे नहीं झुकेगी टीएमसी

# आप जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन भाजपा पर नहीं

एजेंसी | कोलकाता

ममता बनर्जी ने कूचबिहार रैली में केंद्र सरकार पर जमकर तंज कसे। ममता बनर्जी ने कहा कि जब आप अपनी जीत के प्रति इतने कॉन्फिडेंट हैं कि आप ही जीतेंगे तो फिर आप रेड क्यों कर रहे हैं। आपके भाजपा के नेता NIA-BSF को लेकर क्यों घूम रहे हैं।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीजेपी लोकसभा चुनाव के मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का पालन नहीं कर रही है। वह यहां तक कह गईं कि आप जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, लेकिन भाजपा पर नहीं। जनसभा के दौरान ममता बनर्जी ने बेहद तल्ख नजर आईं। उन्होंने कहा कि आज तक देश में सुरक्षाकर्मी राजनीति नहीं करते हैं। ममता बनर्जी ने पीएम मोदी के उस बयान पर भी हमला बोला, जिसमें उन्होंने कहा था कि बंगाल में चुनाव आयोग नजर रखेगा। ममता बनर्जी ने कहा कि क्या आपने चुनाव आयोग को खरीद लिया है। भाजपा में रहने का मतलब आप चरित्र के साफ हैं और तृणमूल में चरित्र के गंदे।

### भाजपा का एक राष्ट्र, एक पार्टी का सिद्धांत

ममता बनर्जी ने कहा कि टीएमसी केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के सामने नहीं झुकेगी, बनर्जी ने कूच बिहार में महिलाओं से आग्रह किया कि अगर 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले "बीएसएफ द्वारा स्थानीय लोगों पर अत्याचार करने की घटनाएं होती हैं" तो वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए, आयकर, बीएसएफ और सीआईएसएफ भाजपा के लिए काम कर रही हैं। हम विनम्रतापूर्वक चुनाव आयोग से समान अवसर सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे क्योंकि केंद्रीय एजेंसियां भगवा खेमे के लिए काम कर रही हैं। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा केवल "एक राष्ट्र, एक पार्टी के सिद्धांत का पालन करती है।



### हमने जिसे बर्खास्त किया भाजपा ने गृह राज्य मंत्री बनाया

उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय शर्म की बात है कि एक व्यक्ति जिसके खिलाफ कई मामले हैं, उसे गृह राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है। हमनें उसे बर्खास्त कर दिया था। अब वह भाजपा की संपत्ति है। भगवा खेमे पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा कि- भाजपा की सच्चाई इस तथ्य से झलकती है कि 2021 के दौरान सीतलकुची में पांच लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार व्यक्ति विधानसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया गया है। जो पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कूच बिहार के एसपी थे, बाद में उन्हें निलंबित कर दिया गया और टीएमसी के लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने के बाद अनिवार्य प्रतीक्षा में भेज दिया गया था।

### सीपीआई और कांग्रेस बीजेपी के लिए काम कर रही

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कोई इंडिया गुट नहीं है। बेशक मैंने इंडिया गठबंधन में अहम भूमिका निभाई थी। नाम भी मैंने ही दिया था, लेकिन बंगाल में सीपीआई और कांग्रेस बीजेपी के लिए काम कर रही है। ममता ने कहा कि अगर बाप बीजेपी को हराना चाहते हैं तो सीपीआई एम, कांग्रेस और सहयोगी अल्पसंख्यक पार्टी (आईएसएफ) को एक भी वोट न दें।

## कांग्रेस पार्टी में है जबरदस्त अहंकार: निरुपम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस से निकाले जाने के एक दिन बाद, पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व में जबरदस्त अहंकार है। कांग्रेस इतिहास है और इसका कोई भविष्य नहीं है और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) तीन बीमार इकाइयों का विलय है। विपक्षी एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। निरुपम ने आरोप लगाया, कांग्रेस नेतृत्व में जबरदस्त अहंकार है। उन्होंने कहा कि जो लोग उनकी राजनीतिक मृत्युलेख लिखना चाहते हैं, उन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती के दिन 4 जून के बाद अपनी जमीन खिसकती हुई महसूस होगी।

## केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 4 लोगों की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 1 गंभीर रूप से घायल हुआ है। बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने संगारेड्डी जिले की एक फैक्ट्री में हुई आग दुर्घटना की समीक्षा की है।

## प्रधानमंत्री का बिहार और पश्चिम गंगाल दौरा, विपक्ष को घेरा

# संदेशखाली पर बोले- गुनहगारों को सजा दिलाना मोदी की गारंटी

### बंगाल के कूच बिहार में की रैली, आरोपियों को बचा रही टीएमसी





कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर तीखे प्रहार कर रहे हैं। गुरुवार को प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई और बंगाल के कूच बिहार में सभाएं की। बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर आज पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में बीजेपी ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने आगे कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा है। रैली में पीएम ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश में सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। पीएम ने कहा, मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी, लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया।

### बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं

इससे पहले पीएम मोदी ने गुरुवार को बिहार के जमुई में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि एक ओर NDA सरकार है, जो सोलर पावर और LED लाइट की चर्चा करती है। वहीं दूसरी ओर घमंडिया गठबंधन वाले लोग हैं, ये बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं। हमारी सरकार में राम मंदिर का 500 वर्ष पुराना सपना पूरा हुआ है। वहीं आरजेडी-कांग्रेस ने राम मंदिर न बनने को लेकर पूरी ताकत लगा दी थी। आज भी ये लोग राम मंदिर का उपहास उड़ाते हैं।

### 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर

उत्तर बंगाल के कूचबिहार के रासमेलार मैदान में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बांग्ला में कहा कि आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ (मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ)। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर है। अभी तो मुझे बहुत काम करना है। हिंदुस्तान के हर इलाके में विकास हुआ। हर परिवार तक उसका लाभ पहुंचा। पीएम ने कहा कि बंगाल के लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा, क्योंकि मोदी ने इसकी गारंटी दी थी।

### सीएए को लेकर बोले मोदी

इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए को लेकर बंगाल की जनता को आश्वस्त करते कहा कि भाजपा सरकार सीएए लेकर आई है। ऐसे में हर परिवार को नागरिकता मोदी की गारंटी है। उन्होंने लोगों को चेताया कि सीएए को लेकर तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी जनता को डरा सकते हैं। मोदी ने कहा कि आपने मेरा दस साल का काम देखा है। मोदी की गारंटी पर भरोसा रखें।

## एसकेएम की 9 अप्रैल को मीटिंग



# BJP की मुश्किलें बढ़ाएगा संयुक्त किसान मोर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

संयुक्त किसान मोर्चा ने देशभर में लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों का विरोध करने का ऐलान किया है। चंडीगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चे की मीटिंग हुई जिसमें ये निर्णय लिया गया है। किसान नेता बलबीर सिंह रजेवाल ने कहा कि मोर्चा ने देशभर में भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का निर्णय लिया है। हालांकि, विरोध कैसे किया जाएगा उसे लेकर एक पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमेटी ये तय करेगी कि आने वाले दिनों में कैसे किसान भाजपा का विरोध देशभर में करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी जो किसान विरोध कर रहे हैं वो अपने आप कर रहे हैं और ये किसानों का गुस्सा बीजेपी के प्रति है। 9 अप्रैल को एसकेएम की तरफ से एक मीटिंग की जाएगी। इस मीटिंग में ही पूरी भूमिका बनाई जाएगी। वहीं गुरुवार को किसानों ने फरीदकोट में बीजेपी प्रत्याशी और पंजाबी गायक हंस राज हंस का भी विरोध किया। राजेवाल ने कहा कि किसानों की एक बड़ी रैली 21 मई को लुधियाना के जगराओं में होगी। इस रैली में भाजपा के विरोध का आह्वान किया जाएगा।

### लोगों से आह्वान बीजेपी को न दें वोट

रजेवाल ने कहा कि मोर्चा ने किसानों से आह्वान किया है कि लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के लिए किसी भी उम्मीदवार, जो भाजपा प्रत्याशी को हराने की क्षमता रखता हो उसे वोट दें। उन्होंने कहा कि मोर्चा किसी एक राजनीतिक दल को समर्थन नहीं करेगा। माना जा है कि किसानों की इस रैली में बड़ी संख्या में किसान हिस्सा ले सकते हैं। किसान लोगों को ये भी बताएंगे कि क्यों बीजेपी को वोट नहीं देना है। इसलिए तैयारियां भी की जा रही हैं। मीटिंग के बाद कई अन्य चीजों पर भी निर्णय लिया जा सकता है।

## तिहाड़ जेल प्रशासन ने दी मुलाकात की इजाजत

# केजरीवाल से मिल सकेंगे मान

एजेंसी | नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की इजाजत दे दी है। इससे पहले तिहाड़ जेल को पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिट्ठी लिख मिलने की अनुमति मांगी थी।

इस पर जेल प्रशासन ने उन्हें मुलाकात जंगला के तहत सामान्य मुलाकात की अनुमति दे दी है। बता दें कि केजरीवाल कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में हिरासत में रखे गए हैं। जेल प्रशासन ने पंजाब सीएम को मुलाकात की अनुमति देते हुए कहा कि वह एक सामान्य मुलाकात की तरह केजरीवाल से मिल सकते हैं। इसमें उन्हें जिस नियम के तहत मिलने की अनुमित दी गई है इसे मुलाकात जंगला बताया गया है। इसमें एक लोहे की जाली है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को आगंतुक से अलग करती है।



एक आगंतुक और एक कैदी जाली के अलग-अलग किनारों पर बैठकर एक दूसरे से बात कर सकते हैं। पंजाब सीएमओ ने तिहाड़ जेल प्रशासन को पत्र लिख केजरीवाल से मिलने का समय मांगा था, साथ ही जेल परिसर में उनकी मुलाकात के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा था।

## कांग्रेस नेता का बीजेपी पर निशाना

# देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के वादों से जुड़ी एक पोस्ट की है। जिसमें वह इंडिया गठबंधन और बीजेपी के बीच फर्क को बताते हुए लिख रहे हैं कि हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा', राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन कर दिया है और वह फिलहाल देशभर कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल साइट एक्स पर लिखा– कांग्रेस और INDIA का मतलब युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को MSP की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे, सुरक्षित संविधान और नागरिक के अधिकार होगी।



'उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा–'जबकि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ,असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र होगा।'कांग्रेस नेता ने ये दो फर्क बताकर लिखा–आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

राहुल गांधी वायनाड से मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव-2019 में दो सीटों से चुनाव लड़ा था। एक वायनाड और दूसरी अमेठी थी। इस बार वह सिर्फ वायनाड से मैदान में थे। पिछली बार वह अमेठी से हार गए थे लेकिन वायनाड लोकसभा से बड़ी जीत मिली थी।

## महिला आयोग ने लिखी चुनाव आयोग को चिट्ठी

# हेमा मालिनी पर टिप्पणी कर फंसे सुरजेवाला, कार्रवाई की मांग

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने हाल ही में भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अब इस मामले में सुरजेवाला फंसते नजर आ रहे हैं। हेमा मालिनी पर उनकी टिप्पणी को राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान में लिया है।

आयोग ने इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य चुनाव आयुक्त को इस मामले में पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने को कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है।

ये टिप्पणियां बेहद स्त्रीद्वेषपूर्ण और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया है और 3 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट का अनुरोध किया है।

### भाजपा ने तोड़-मरोड़कर किया पेश वीडियो

## किसी का अपमान करने का नहीं था इरादा

आपत्तिजनक बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की आलोचना का सामना करने के बाद, कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका कभी भी अभिनेता-राजनेता का अपमान या चोट पहुंचाने का इरादा नहीं था। सुरजेवाला का स्पष्टीकरण भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय द्वारा एक्स पर एक वीडियो साझा करने और कांग्रेस सांसद पर हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाने के बाद आया है। उन्होंने बीजेपी पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल का उद्देश्य नरेंद्र मोदी सरकार की युवा विरोधी, किसान विरोधी, गरीब विरोधी नीतियों और संविधान को खत्म करने की साजिश से ध्यान भटकाना है। इन प्यादों ने कभी प्रधानमंत्री से नहीं पूछा कि उन्होंने 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, एक महिला सांसद को शूर्पनखा, कांग्रेस की विधवा और जर्सी गाय क्यों कहा?



## मथुरा से हेमा मालिनी ने भरा नामांकन

**मथुरा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मथुरा लोकसभा सीट से हेमा मालिनी को भाजपा ने तीसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया है। इस दौरान गुरुवार को हेमा मालिनी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपना नामांकन भरा और जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान हेमा मालिनी ने कहा कि मथुरावासियों को धन्यवाद करूंगी, मैं गोपी भाव के साथ रही हूं, कृष्ण भक्त हूं, 10 साल से काम किया।

कई सालों तक यहां काम नहीं हुआ था। मैंने यहां थोड़ा-थोड़ा काम किया। पर अभी बहुत काम करना है। मिनिस्ट्री में जाकर बातें करती हूं, करोड़ों का प्रोजेक्ट लेकर आई हूं। उन्होंने कहा कि जो काम अधुरे रह गए थे, उनको पूरा करना है और नए विकास कार्यों की शुरूआत करनी है। नामंकन से पूर्व यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित किया।



## जरूरी खबर

### सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित आरोपी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया। अली राजस्थान के जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर अब 18 को सुनवाई



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही मस्जिद की ओर से पक्ष रखा गया। जबकि, मंदिर की ओर से कहा गया कि मस्जिद पक्ष याचिका की पोषणीयता पर जिन तर्कों का सहारा ले रहा है, वह बेबुनियाद है। मस्जिद पक्ष का दावा है कि यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट और वक्फ एक्ट से बाधित नहीं है।

### दुनिया के शीर्ष 10 धनवानों की सूची में मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। फोर्ब्स की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं। वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में फैला हुआ है। फोर्ब्स के अनुसार, अंबानी की संपत्ति 116 अरब डॉलर है। इससे पिछले साल यानी 2023 में उनकी संपत्तियों का मूल्य 83.4 अरब डॉलर था। गौतम अदाणी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं और वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 84 अरब डॉलर है। फोर्ब्स 2024 की अमीरों की सूची में 2,781 लोगों को शामिल किया गया है। इसमें पिछले साल से 141 लोग ज्यादा हैं। सूची के अनुसार, दुनिया के अमीर अब और अमीर हो गए हैं।

## भारतीय नौसेना ने सोमाली के समुद्री लुटेरों को पुलिस को सौंपा





**मुंबई।** अरब सागर में 29 मार्च को एक समुद्री ऑपरेशन में भारतीय नौसेना ने सोमाली समुद्री डकैतों से 23 पाकिस्तानियों को बचाया था। भारतीय नौसेना की विशेषज्ञ टीमों ने मछली पकड़ने वाले जहाज "अल कंबार 786' को समुद्री डकैतों से मुक्त कराकर 9 लुटेरों को पकड़ा था। गुरुवार को भारतीय नौसेना सभी 9 लुटेरों को लेकर मुंबई पहुंची और उनको पुलिस के सुपुर्द किया।

### विदेश मंत्री बोले-अगर कुछ हुआ तो पाक को देंगे कड़ा जवाब

# गुलाम कश्मीर पर भारत का रुख किसी एक पक्ष का नहीं: जयशंकर

### पीओके भारत का... देश के हर राजनीतिक दल ने किया समर्थन

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम (केरल)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला गुलाम कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि पीओके पर भारत का यह रुख किसी एक पक्ष का नहीं बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को लेकर मुख्य चिंता आतंकवाद को लेकर है, और अगर कुछ भी अनियंत्रित हुआ तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। जयशंकर ने गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "गुलाम कश्मीर के मुद्दे पर एक राष्ट्रीय स्थिति है न कि पार्टी की स्थिति। भारत की संसद ने एकजुट रुख अपनाया है और



देश के हर राजनीतिक दल ने उस रुख का समर्थन किया है। हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि गुलाम कश्मीर इसका हिस्सा नहीं है। भारत का यह एकजुट रुख है, यह हमारा रुख है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के लिए केंद्रीय मुद्दा आतंकवाद है और आतंकवाद के मुद्दे पर हम एक पार्टी और सरकार के रूप में बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं करेंगे।

#### चीन के साथ हमारे चुनौतीपूर्ण रिश्ते

विदेश मंत्री ने कहा, चीन के साथ हमारे चुनौतीपूर्ण रिश्ते हैं। लेकिन, यह एक ऐसा देश है जो आत्मविश्वासी है, जो प्रतिस्पर्धी तरीके से अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है। जयशंकर ने अपने पड़ोसियों के साथ भारत के संबंधों के बारे में किसी भी संदेह से इनकार किया।

#### संकट में पड़ोसी देशों के साथ खड़ा है भारत

विदेश मंत्री ने कहा, अगर हम पड़ोसियों के बारे में बात करते हैं, तो कृपया बांग्लादेश और श्रीलंका जाएं और लोगों से पूछें कि वे क्या सोचते हैं। उनके सबसे गहरे आर्थिक संकट के दौरान कौन खड़ा था? नेपाल जाएं और उनसे पूछें कि आपको टीके कहां मिलते हैं, आपको उर्वरक और ईंधन किसने दिया जब यूक्रेन में समस्या हुई तो, मैं इस बात से सहमत नहीं होऊंगा कि हमारा पड़ोस हमारे पक्ष में नहीं है। पड़ोस में ऐसी ताकतें हो सकती हैं और बलों के पीछे ताकतें' हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं... भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो ऐसा करना चाहते हैं इस समस्या का समाधान करें। उन्होंने आगे कहा, जैसा कि मैंने कहा कि चीन के साथ हमारे संबंध बहुत असामान्य हैं।

#### अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को भारत सरकार सिरे से खारिज कर चुकी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने इस मुद्दे पर बार-बार बात की है। हमने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ बयान दिए हैं। हमने अपना बयान दोहराया है... कुछ नाम लेकर आप वास्तविकता को मत बदलो। वास्तविकता यही है, अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न, अविभाज्य हिस्सा है और यह वैसा ही रहेगा।



### मनी लॉन्ड्रिंग मामला

## कविता की अंतरिम जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी | नई दिल्ली

अदालत ने गुरुवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के संबंध में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता द्वारा उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर अंतरिम जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) कावेरी बावेजा ने कविता और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कविता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 के प्रावधानों के तहत जमानत का लाभ मिलना चाहिए। प्रावधान कठोर शर्तों के बावजूद महिला-अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने के लिए अदालत को विवेकाधिकार प्रदान करता है, जिन्हें अन्यथा पीएमएलए के तहत जमानत के लिए पूरा करना आवश्यक है।

#### हैदराबाद से ईडी ने किया था गिरफ्तार

कविता के बेटे की परीक्षा के बारे में कहा गया कि बारह में से सात परीक्षाएं पहले ही खत्म हो चुकी हैं और उनका समर्थन करने के लिए उनके पिता और भाई भी हैं। कोर्ट ने कहा वह 8 अप्रैल को अपना फैससा सुनाया जाएगा। ईडी की एक टीम द्वारा उनके परिसर की तलाशी लेने और उससे पूछताछ करने के कुछ घंटों बाद कविता को 15 मार्च की शाम को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था। शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी जेल में बंद हैं। वहीं दूसरी तरफ आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत दे दी गई थी।

### कलकत्ता हाई कोर्ट ने लगाई ममता सरकार को फटकार

## संदेशखाली की घटना बेहद शर्मनाक हर नागरिक की सुरक्षा जरूरी

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को ममता सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि संदेशखाली की घटना बेहद शर्मनाक है। कोर्ट ने कहा कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही कोर्ट ने नसीहत देते हुए कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और बंगाल सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



बता दें कि संदेशखाली में अनेक टीएमसी नेताओं पर स्थानीय लोगों की जमीन हड़पने व महिलाओं के यौन शोषण के आरोप लगे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने इस दिन संदेशखाली की घटना पर दायर कुल पांच जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। एक याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से पूरी घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की। एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाना चाहिए।

### भूमि घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय का दावा

## हेमंत सोरेन ने राजस्व अधिकारी की ली थी मदद

एजेंसी | नई दिल्ली

जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस बीच, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दावा किया कि सोरेन ने अवैध कब्जे, अधिग्रहण और अपराध की आय से जुड़ी कथित गतिविधियों के लिए एक राजस्व अधिकारी भानु प्रताप प्रसाद की मदद ली। एजेंसी के मुताबिक, प्रसाद ने अवैध कब्जे, अधिग्रहण



और आपराधिक तरीकों से हासिल संपत्तियों पर कब्जे से जुड़े प्रयासों में कई व्यक्तियों की मदद की और अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया। सोरेन और चार अन्य के खिलाफ रांची के बरियातू में 8.8 एकड़ की अचल संपत्ति हासिल करने, रखने और छिपाने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत जांच की जा रही है।

**भानु प्रताप प्रसाद की भूमिका:** ईडी ने कहा कि भूमि घोटाले के मामलों में उसकी जांच में आरोपियों में से एक भानु प्रताप प्रसाद की भूमिका का खुलासा हुआ है। एजेंसी ने कहा कि उसे पता चला है कि झारखंड में भू-माफियाओं का एक रैकेट सक्रिय था, जो रांची में जमीन के रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा करता था।

यह भी खुलासा हुआ है कि भू माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए भूमि के मालिका हक के दस्तावेज भी जाली हैं। बयान में आगे कहा गया है कि इसके बाद फर्जी भूमि दस्तावेजों के आधार पर ऐसे भूखंड अन्य लोगों को बेच दिए जाते थे।

### राष्ट्रपति ने लॉन्च की पहली स्वदेशी CAR T-Cell थैरेपी

# सीएआर टी-सेल थैरेपी से कम लागत में हो सकेगा कैंसर का इलाज

एजेंसी | नई दिल्ली

कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। कैंसर का मृत्युदर भी अधिक है जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कैंसर का मृत्यु अधिक होने का एक प्रमुख कारण समय पर इसका निदान और उपचार न हो पाना माना जाता है। इस बीच पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थैरेपी की शुरुआत की। आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी। द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। भारत, एशिया में इस बीमारी के बोझ वाल दूसरा सबसे बड़ा देश है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि सीएआर टी-सेल थैरेपी से कैंसर के उपचार में मदद मिल सकती है।



#### मेड इन इंडिया थैरेपी से कैंसर का इलाज

सीएआर टी-सेल थेरेपी भारत की पहली मेड इन इंडिया CAR T-सेल थैरेपी है, जिससे इलाज की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद जताई गई है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक विकास और एआई के चलते कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता मिली है, हालांकि आम लोगों तक इसकी पहुंच अधिक लागत के कारण मुश्किल रही है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इन नई थेरेपी की मदद से कैंसर का इलाज आसान हो सकेगा।

#### 90 प्रतिशत कम दाम में उपलब्ध होगी थैरेपी

राष्ट्रपति ने कहा, हमारे पास अपने-अपने क्षेत्रों में भारत के दो अग्रणी अनुसंधान संस्थान हैं, जो मानवीय उद्देश्य के लिए उद्योग के साथ हाथ मिलाकर काम रहे हैं। इस स्वदेशी थैरेपी के बारे में नई बात यह है कि इसकी लागत अन्य जगहों पर उपलब्ध थैरेपी की तुलना में 90 प्रतिशत कम है। यह दुनिया की सबसे सस्ती सीएआर-टी सेल थैरेपी है। इसके अलावा, यह 'मेक इन इंडिया' पहल का भी एक उदाहरण है जो आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें उम्मीद है कि इस थैरेपी कैंसर से मुकाबले के लिए देश को मजबूती मिलेगी।

#### थैरेपी के बारे में जानिए

सीएआर-टी सेल थैरेपी या काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल थैरेपी इम्यूनोथेरेपी और जीन थैरेपी का एक रूप है। रोगी की प्रतिरक्षा कोशिकाओं, विशेष रूप से टी कोशिकाओं को संशोधित करने और उन्हें कैंसर से लड़ने के लिए तैयार करने के लिए जटिल आनुवंशिक इंजीनियरिंग की आवश्यकता होती है। सीएआर-टी सेल थैरेपी को चिकित्सा विज्ञान में सबसे अभूतपूर्व प्रगति में से एक माना जाता है। भारत ने इस दिशा में प्रगति करते हुए स्वदेशी थेरेपी को विकसित किया है।

### किंग कोहली के लिए रोमांचित जयपुराइट्स, आरसीबी टीम का जयपुर में ग्रेंड वेलकम

# रॉयल्स के प्लेयर्स ने बिलोई छाछ

## ग्रामीण महिलाओं संग बनाया खाना

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी में मेन्स इन ब्ल्यू के साथ अब किंग कोहरी का खुमार होगा और इसके लिए जैसे ही कोहली ने जयपुर में कदम रखा क्रिकेट लवर्स रोमांचित, उत्साहित और प्रफुल्लित हो गए। उन्होंने एयरपोर्ट पर ही गुरुवार को कोहली व पूरी आरसीबी टीम का पहुंचते ही ग्रेंड वेलकम किया। कोहली ब्लैक गोगल्स लगाए बस में सबसे पहली सीट पर बैठे थे और अपने फोन में बिजी दिखाई दिए।






फोटो: पंकज शर्मा

### कल एसएमएस स्टेडियम में भिड़ेंगी राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी

आरसीबी टीम के प्लेयर्स ने जयपुराइट्स का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकारा और चीयर करते दिखाई दिए। इसके बाद टीमों के प्लेयर्स प्रेक्टिस के लिए गए। अब राजस्थान रॉयल्स और आरसीबी शनिवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में भिड़ेगी। इसके लिए गुरुवार को कोहरी के साथ उनकी टीम जयपुर पहुंची।





### रॉयल्स जयपुराइट्स के बीच

दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स के प्लेयर्स जयपुर के लोगों के बीच पहुंचे और राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन को बढ़ाने का प्रयास किया। सौर ऊर्जा से बिजली देने की प्रतिबद्धता की घोषणा की। रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ)से राजस्थान और भारत की सशक्त महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए प्लेयर्स भी आगे आए। प्लेयर्स ने महिलाओं के साथ राजस्थान अंदाज में खाने-पीने की डिशेज बनाना सीखा। संजू सेमसंग फूड बनाने की प्रक्रिया करते दिखाई दिए तो अन्य प्लेयर्स ने लस्सी और छाछ बिलोई।

### आचरण सिखाती है भागवत: शास्त्री



**बेधड़क. जयपुर।** नायला में निम्बार्क संत शुकदेवदास महाराज के स्मृति महोत्सव के अंतर्गत भागवत कथा में आचार्य पं. रमेश शास्त्री ने कृष्ण की विभिन्न लीलाओं के प्रसंग सुनाए। उन्होंने मृशाश्रु ( झूठे आंसू ), जूता प्रसंग, अष्टो प्रकृति तथा रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने और सुनाने से मन व आचरण दोनों पवित्र होते हैं। आश्रम के चिकित्सक डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को कथा का विश्राम होगा।कथा और रासलीला को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से आश्रम आ रहे हैं। इस दौरान संत महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज, सेवा कुंज आश्रम के महंत कल्याणदास महाराज सहित कई संतों ने शुकदेवदास महाराज को नमन किया।

### रचनात्मकता संजोना बड़ा काम

**बेधड़क. जयपुर।** हरिदेव जोशी जनसंचार व पत्रकारिता विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधि राजीव ने कहा कि राजस्थानी और हिन्दी साहित्य के उन्नयन के साथ मीडिया मैनेजमेंट में नन्द भारद्वाज को महारत हासिल है। टेक्नोलोजी के युग में अपनी पुरानी रचनात्मकता को संजोकर आने वाली पीढ़ी को विरासत के रूप में सौंपना बड़ा काम है। भारद्वाज लोक संस्कृति से गहरा जुड़ाव रखते हैं। राजस्थान उनके दिल में बसता है। नदी जैसे अपना रास्ता स्वयं बनाती है, वैसे ही नंद भारद्वाज साहित्य में अपना रास्ता बनाकर आगे चलते रहे हैं। वे नन्द भारद्वाज के 75वें बसंत पर अभिनंदन समारोह में बोल रही थीं। डॉ. सुधीर राजीव ने कहा कि भारद्वाज की रचनाओं में गांव और शहरों के बीच स्पष्ट सीमांकन। इनकी रचनाओं में वंचितों के लिए आवाज उठाने का उनका प्रयास हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार लेखक और पूर्व कुलपति ओम थानवी ने कहा कि नंद भारद्वाज ने साहित्य की विभिन्न विधाओं में सृजन किया जो अपने आप में अनुकरणीय है। प्रोफेसर मोहन श्रोत्रिय ने कहा कि लोगों के जीवन में जहां संश्लिष्टता बार-बार झलकती है, वहां नंद भारद्वाज के जीवन और उनकी रचनाओं में सादगी और सौम्यता के दर्शन होते हैं। प्रमुख आलोचक डॉ. राजाराम भादू ने कहा कि नंद भारद्वाज की पृष्ठभूमि आकाशवाणी और दूरदर्शन की रही है, लेकिन यह वह दौर था जब प्रगतिशील आंदोलन के समानांतर जनवादी आंदोलन में विमर्श चल रहा था।

### ‘भारत@2047’ पर विशेषज्ञों की चर्चा




**बेधड़क. जयपुर।** भारत रणनीतिक रूप से ‘प्रॉब्लम सॉल्वर’ को सशक्त बनाने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। वैश्विक स्तर पर वेल्यु क्रिएशन के लिए शीर्ष तीन में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारतीय वैश्विक मंच पर यूनिकॉर्न के निर्माण का नेतृत्व कर रहे हैं। स्टार्टअप देश को 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने के लिए बल गुणक साबित होंगे। यह बात मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन चेयरपर्सन और बिजनेसमैन ने जयपुर में ‘भारत@2047’ विषय पर कही। डाटा इंजिनियस ग्लोबल लिमिटेड के कार्यक्रम की शुरुआत में डाटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज प्रबंध निदेशक अजय डाटा ने नवाचार, दृढ़ता और सफलता पर बात की। इस मौके पर मोहनदास पाई ने कहा कि बढ़ती उम्र (एजिंग) मानवता की सबसे बड़ी चुनौती है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की एक बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है। आर्थिक विकास को गति देने वाले अन्य लाभों के अतिरिक्त भारत में डिजिटलीकरण का परिवर्तनकारी प्रभाव सामने आया है। भारत जो सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में सबसे बड़ी ताकत है और एक उभरते ‘डीप टैक हब’ के रूप में प्रसिद्ध है बड़े पैमाने पर डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठा रहा है। राजस्थान के लिए पाई ने सुझाव दिया कि राज्य को रोजगार बढ़ाने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रम-केंद्रित उद्योगों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## City इवेंट्स

### मेंबर्स बोले- ‘आइए 4 पल साथ बिताते हैं’



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर इंटेलेक्ट ग्रुप मेंबर्स ने ‘आइए 4 पल साथ बिताते हैं’ सब्जेक्ट पर चर्चा की। सदस्यों ने अप्रैल माह को यादगार बनाते हुए कई अफसाने सुनाए। कमला पोद्दार, अपर्णा सहाय, विद्या जैन, सुधीर माथुर, अशोक राही, डॉ. मीता सिंह, सशी माथुर, सरिता सिंह, राजुला लूना, रजनीश सिंघवी, टीना साहनी मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह 7 को

**बेधड़क. जयपुर।** अग्रवाल फार्म मानसरोवर माथुर सोसायटी का 28वां होली मिलन समारोह 7 अप्रैल को गुलाब भवन, एसएफएस सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया जाएगा। सोसायटी के अध्यक्ष किरन मोहन माथुर तथा सचिव प्रेम शंकर माथुर ने बताया कि समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा राजकीय व निजी सेवा से सेवानिवृत्त सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। इस दिन वार्षिक साधारण सभा का आयोजन कर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए कार्यकारिणी पदाधिकारियों का चुनाव भी किया जाएगा।

### क्रेडाई एक्सपो-2024 की शुरुआत



**बेधड़क. जयपुर।** आरआईसी डायरेक्टर निहालचंद गोयल, क्रेडाई राजस्थान वाइस चेयरमैन धीरेन्द्र मदान, प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, सेक्रेटरी रवींद्र प्रताप सिंह, एक्सपो कन्वीनर गिर्राज अग्रवाल, को-कन्वीनर कृष्णा गुप्ता और अमित विजयवर्गीय एक मंच पर आए चर्चा की। इस मौके पर फ्लैश मॉब व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से जयपुराइट्स रोमांचित नजर आए। आरआईसी में शुरू हुए एक्सपो में मुख्य अतिथि निहालचंद गोयल ने कहा कि क्रेडाई एक्सपो की शुरुआत आरआईसी में होना सेंटर के लिए खास है। क्रेडाई राजस्थान अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि एक्सपो में प्रदेश भर से लोग शामिल हो रहे हैं। एक्सपो को-कन्वीनर कृष्णा गुप्ता ने बताया कि एक्सपो के पहले दिन क्रेडाई और बीएनआई राजस्थान के बीच एक एमओयू किया गया है। साथ ही क्रेडाई और सीएचपीएल की ओर से एक एप्लीकेशन भी लॉन्च की गई।

### हेल्दी लाइफ स्टाइल पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

## दौड़ लगाने के बाद जब सम्मान मिला तो रनर्स हुए रोमांचित



**बेधड़क** | जयपुर

दौड़ लगाने के बाद जब सम्मान मिला तो रनर्स रोमांचित हो गए। मौका था जयपुर के रनर्स के साल 23 व 24 के सम्मान का। जयपुर के रनर कोच महेश दिवेदी (कोच वी जेई) सुरेश द्विवेदी और विष्णु टांक (विश्व रिकॉर्ड धारक) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए रनर्स का सम्मान किया। सेहत के लिए मोटिवेट भी किया, जिससे बीमारियों को दूर रखा जा सके। उन्होंने हर उम्र के लोगों को रोज व्यायाम करने और सुबह-शाम दौड़ लगाने के लिए मोटिवेट किया। सम्मान पाने वालों में सूरज मीना, रेनू सिंह, मुकुल बंसल, जितेंद्र शर्मा और भावना को मैडल व ट्रॉफी प्रदान देकर सम्मानित किया गया। होटल आर्य निवास में इस उपलक्ष्य पर राजेश दुरेजा, मनोज सोनी, नमित शर्मा, साधना आर्य, किरणजीत प्रवीण तिजारिया, अभिलाषा हवेर और संदीप राव उपस्थित रहे। समारोह में आए सभी अवॉर्डी के साथ जयपुराइट्स को स्वास्थ के प्रति जागरूक का संकल्प दिलाया गया। रनर्स ने भी पूरे साल जिस प्रकार दौड़ लगाई, उसके बारे में लोगों को बताया और उससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दौड़ लगाने से स्वाथ्य लाभ मिला है और अब वे दूसरों को इसके बारे में अवेयर कर रहे हैं।

### सनातन प्रेमियों को मिलेगा रामरक्षा यंत्र



**जयपुर।** श्री राम मंदिर अयोध्या धार्मिक आयोजन सेवा समिति के तत्वावधान में श्री राम रक्षा स्रोत सवा लाख पाठ जाप का महायज्ञ अयोध्या में होगा। समिति अध्यक्ष व हनुमानगढ़ी डॉट कॉम सीईओ आचार्य राजानन्द शास्त्री ने बताया कि 5 दिवसीय कार्यक्रम में 1100 विद्वान पाठ करेंगे। धर्म मंडपम छोटी छावनी अयोध्या मे ंकार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें चांदी धातु पर रामलला का आशीर्वाद व हनुमानगढ़ी हनुमानजी महाराज की कृपा को सनातनी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। पहले चरण में 21 लाख सनातानियों को राम रक्षा यंत्र मिल सकेगा। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास महाराज ने यंत्र का अवलोकन किया। सनातन जागृति यात्रा के साथ हनुमानगढ़ी हनुमानजी, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी, तुलसी पीठ चित्रकूट बागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद यंत्र को घर बैठे सनातनियों तक पहुंचाया जाएगा।

### अभिभावकों को परिंडे बांट दिए संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** गुरुकुल प्रेरित स्काइज इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावकों को मिट्टी के परिंडे वितरित किए गए। डायरेक्टर मृदुला अरुण ने परिंडों की उपयोगिता पर चर्चा की और संदेश दिया कि हम सभी को अपने घरों में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करनी चाहिए। इस मौके पर मृदुला अरुण के साथ शिवानी, संजू सोनी, सीमा भंसाली, कमल कंवर, पूजा जैन आदि मौजूद रहे।

**आस्था** आदिनाथ से महावीर सामाजिक व धार्मिक पखवाड़ा शुरू

# धार्मिक यात्राओं से शोभित जयपुर, पालकी यात्रा निकाली

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) की जन्म जयंती से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती तक मनाए जा रहे धार्मिक व सामाजिक पखवाड़ा शुरू हुआ।

इस मौके पर अधीनस्थ जोनों द्वारा शहर के कई मंदिरों व कॉलोनियों में धार्मिक गतिधियां आयोजित की गईं। राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया, कि पखवाड़ा रविवार तक चलेगा। इस दौरान युवा महासभा के जयपुर स्थित पांचों सम्भागों व उनके अधीनस्थ 15 जोनों द्वारा प्रतिदिन एक धार्मिक व सामाजिक गतिविधि का आयोजन होगा। पखवाड़े के अन्तर्गत पहले दिन भगवान आदिनाथ के जन्म व तप कल्याणक महोत्सव के मौके पर विभिन्न आयोजन किए गए।





### तीनों जोनों के सदस्यों ने सहभागिता निभाई

सांगानेर सम्भाग के अन्तर्गत निकली पालकी यात्रा व रथ यात्रा में तीनों जोनों के सदस्यों द्वारा सहभागिता निभाई गई। इसी प्रकार सिटी सम्भाग के अन्तर्गत चौड़ा रास्ता व चौकड़ी मोदीखाना में निकाली गई यात्रा में युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व सिटी सम्भाग अध्यक्ष राज कुमार पाटनी के नेतृत्व में तीनों जोनों के सदस्यगण नाचते गाते शामिल हुए।

### आज गायों को खिलाएंगे चारा-गुड़

शुक्रवार 5 अप्रैल को दुर्गापुरा स्थित गोशाला में गो सेवा के अन्तर्गत सिटी संभाग द्वारा चारा, गुड़ आदि गायों को खिलाया जाएगा। आगामी गतिविधियों में नेत्रहीन कल्याण संघ गणगौरी बाजार में जिन दर्शन यात्रा, गो सेवा-परिंडा वितरण, भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान, पदमपुरा अतिशय क्षेत्र के सामूहिक दर्शन व जिनाभिषेक यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम, चिकित्सा शिविर आदि के आयोजन होंगे।

यदि परिस्थितियां आपके हक़ में नहीं है, तो विश्वास कीजिए कुछ बेहतर आपकी तलाश में है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### थाईलैंड की खाड़ी में हुआ हादसा: यात्रियों में मची अफरा तफरी

# नाव में लगी आग, कूदकर बचाई 108 यात्रियों ने जान



**एजेंसी** | बैंकॉक

थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार सुबह एक नाव में भीषण आग लग गई। भीषण आग से बचने के लिए घबराए यात्री समुद्र में कूदने लगे। जहाज पर सवार सभी 108 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाली नाव थाई तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाली थी। तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक तेज आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। नाव पर मौजूद यात्री मैत्री प्रोमजम्पा ने कहा कि उन्होंने पांच मिनट से भी कम समय में धुंआ और आग निकलती देखी और तभी लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अलार्म बजाया।

### कोई हताहत नहीं

यात्री प्रोमजम्पा ने बताया कि हम मुश्किल से समय पर लाइफ जैकेट प्राप्त कर सके। यह बहुत ही डरावना था। लोग रो रहे थे... मेरी भी आंखों में आंसू थे। सूरत थानी के अधिकारियों ने फेसबुक पर कहा कि नौका पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री सूरत थानी के थे। प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सभी को बचा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

### आग के कारण की होगी जांच

अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। नाव में आग लगने की शुरुआत उसके इंजन से हुई। वहीं आग लगने के पीछे क्या कारण थे। इसकी जांच की जा रही है।



### रिक्टर स्केल पर 6.3 रही इसकी तीव्रता

# ताइवान के बाद भूकंप के झटकों से हिला जापान

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में गुरुवार को भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई। जापान के होंशू में पूर्वी तट पर झटकों को महसूस किया गया। भूकंप की वजह से कंपन इतना ज्यादा तेज था कि उन्हें चीन तक महसूस किया गया है। जापान में भूकंप ऐसे समय पर आया है, जब बुधवार को ही पड़ोसी देश ताइवान में 7.5 की तीव्रता वाला जबरदस्त भूकंप आया। इसमें 9 लोगों की मौत की खबर है। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मॉलोजिकल सेंटर (ईएमएससी) ने बताया है कि जापान के होंशू द्वीप के पूर्वी हिस्से में 6.3 की तीव्रता वाला भूकंप आया है। ईएमएससी का कहना है कि भूकंप के केंद्र की गहराई 32 किमी थी। जापान में बुधवार को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता भी 6 के आसपास रही थी।



### सुनामी का अलर्ट

ताइवान में बुधवार को आए भूकंप के झटकों के बाद जापान ने ओकिनावा प्रांत के लिए सुनामी अलर्ट जारी किया। लोगों को तटों से दूर रहने और ऊंचाई वाली जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया है। जापान के दक्षिण-पश्चिम तट पर 3 मीटर ऊंची लहरों को उठते हुए भी देखा गया। ताइवान में आए भूकंप के झटकों को फिलीपींस और चीन तक महसूस किया गया था। हालांकि, सबसे ज्यादा असर जापान में दिखा, जिसकी वजह से तुरंत सुनामी अलर्ट जारी हुआ।

### जापान में हर साल आते हैं 1500 बार भूकंप

जापान दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां सबसे ज्यादा भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। यही वजह है कि देश में बनने वाली हर इमारत का डिजाइन इस तरह से किया जाता है कि वो सबसे जबरदस्त भूकंप के झटकों को भी आसानी से झेल पाए। 12.5 करोड़ की आबादी वाला जापान हर साल 1500 से ज्यादा भूकंप के झटकों का सामना करता है।

### जैश-अल-अदल समूह और सुरक्षा बलों में रातभर हुई झड़पें

# ईरान में आतंकी हमले में 27 की मौत

**एजेंसी** | दुबई

ईरान के चाबहार और रस्क शहर में आतंकी हमला हुआ है। एजेंसी के मुताबिक, संदिग्ध सुन्नी मुस्लिम आतंकवादियों ने गुरुवार को दक्षिणपूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स मुख्यालय पर हमलों में 11 सुरक्षाकर्मियों और 16 आम नागरिकों की मौत हुई है। ईरान के एक सरकारी टीवी के मुताबिक, जैश-अल-अदल समूह और सुरक्षा बलों के



बीच रात भर झड़पें चाबहार और रस्क शहरों में हुईं। उप आंतरिक मंत्री माजिद मिरहमादी ने राज्य टीवी को बताया कि लड़ाई में 10 अन्य सुरक्षा अधिकारी भी घायल हो गए, जहां मुख्य रूप से सुन्नी मुस्लिम आबादी है। वहीं, जैश अल-अदल का कहना है कि वह शिया बहुल ईरान में जातीय अल्पसंख्यक बलूचियों के लिए अधिक अधिकार और बेहतर रहने की स्थिति चाहता है। इसने सिस्तान-बलूचिस्तान में ईरानी सुरक्षा बलों पर हाल के वर्षों में कई हमलों की जिम्मेदारी ली है।

### ओपिनियन पोल में...

# बाइडेन से आगे निकले ट्रंप

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक ताजा सर्वे में राष्ट्रपति जो बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। सात राज्यों में हुए ओपिनियन पोल में रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने डेमोक्रेट बाइडेन पर बढ़त बनाई है, जबकि बाइडेन केवल एक राज्य में आगे दिखे। सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडेन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडेन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई। जबकि,बाइडेन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके।

### वैज्ञानिकों ने खोजा एक नया महासागर

# 700 किमी गहराई में नया महासागर!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

हाल के दिनों में हुई कई वैज्ञानिक खोजों ने दुनिया को हैरान कर दिया है। एक विशाल ब्लैक होल की खोज से लेकर दक्षिण कोरियाई फ्यूजन रिएक्टर को उच्चतम ताप पर पहुंचाया गया है, जो हमारे दिमाग को चौंकाने वाला है। अब एक नई खोज हुई है, जिसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। पृथ्वी की परत ने नीचे छिपे एक विशाल महासागर का पता लगाया गया है। पृथ्वी की सख्त सतह से 700 किलोमीटर नीचे रिंगवुडाइट नाम की चट्टान में यह जमा होता है। यह अंडरग्राउंड महासागर पृथ्वी की सतह पर मौजूद सभी महासागरों के कुल आयतन का तीन गुना होने का अनुमान है।

निष्कर्षों को 2014 के एक वैज्ञानिक पेपर 'डिहाइड्रेशन मेल्टिंग एट द टॉप ऑफ लोअर मेंटल' में विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इसमें रिंगवुडाइट के गुणों को भी बताया गया है। इस खोज को करने वाली टीम के प्रमुख सदस्य भू-भौतिकीविद् स्टीव जैकबसेन ने कहा कि रिंगवुडाइट एक स्पंज की तरह है जो पानी सोख लेता है। रिंगवुडाइट की क्रिस्टल संरचना में कुछ विशेष है जो इसे हाइड्रोजन को आकर्षित करने और पानी को ट्रैप करने देता है।

### ऐसे खोजा गया महासागर



स्टीव जैकबसेन ने कहा कि मुझे लगता है कि हम आखिरकार पूरी पृथ्वी के जल चक्र के सबूत देख रहे हैं, जो हमारे रहने योग्य ग्रह की सतह पर तरल पानी की विशाल मात्रा को समझने में मदद कर सकता है। वैज्ञानिक दशकों से इस लापता गहरे पानी की तलाश कर रहे हैं। इस भूमिगत महासागर का पता लगाने के लिए यूएस में 2000 भूकंपमापी का एक व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया और 500 से ज्यादा भूकंपों से निकलने वाली तरंगों की जांच की गई है। तरंगें पृथ्वी की कोर सहित उसकी आंतरिक परतों से होकर गुजरती हैं। नम चट्टानों से गुजरते समय मंदी का अनुभव किया गया, जो एक बड़े जल भंडार का संकेत देता है। इस तरह से शोधकर्ताओं ने महासागर खोजा।

**जमीन में पानी रहना जरूरी:** पृथ्वी की इतनी गहराई में चट्टानों के कणों के बीच पानी ग्रह के जल चक्र के बारे में हमारी धारणा को बदल सकता है। जैकबसेन ने इस जलाशय के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अगर धरती के नीचे ये महासागर न हो तो पूरी धरती पर पानी भर जाएगा। धरती पर सिर्फ ऊंचे पहाड़ों की चोटिं ही हमें दिखाई देंगी, बाकी पूरी जमीन पानी के नीचे होगी। अब पूरी दुनिया में शोधकर्ता भूकंपीय डेटा इकट्ठा करना चाहते हैं। उनके निष्कर्ष पानी की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl